हिंदी दैनिक
द फोटोन न्यूज
सच के हक में...
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित
रांची ● शुक्रवार, 07 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 81 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

सुविचार
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

08
रिचर्ड गेरे किस मामले में 16 साल बाद बरी हुई शिल्पा

श्रद्धांजलि
जगरनाथ महतो

- 6 अप्रैल सुबह 6:30 बजे चेन्नई के अस्पताल में ली अंतिम सांस
- 14 मार्च को एयरलिफ्ट कर ले जाए गए थे चेन्नई

...आपको नहीं भूल पाएंगे 'टाइगर'

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन, दो दिनों का राजकीय शोक

प्रमुख संवाददाता, रांची।

झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का गुरुवार सुबह 6:30 बजे चेन्नई के अस्पताल में निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर 14 मार्च को दोबारा एयरलिफ्ट कर उन्हें इलाज के लिए रांची से चेन्नई ले जाया गया था। पहले कोरोना काल में वह कोरोना की चपेट में आ गए थे। तब उनका लंग्स ट्रांसप्लांट किया गया था। करीब एक साल ठीक रहने के बाद फिर से उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद 14 मार्च को एयरलिफ्ट कर उन्हें चेन्नई ले जाया गया था।

जगरनाथ महतो के असामयिक निधन से झारखंड के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास समेत विभिन्न राजनीतिज्ञों ने जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।


एमजीएम अस्पताल चेन्नई में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देते तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन।

आज रांची पहुंचेगा पार्थिव शरीर, पैतृक गांव अलारगो में होगा अंतिम संस्कार

मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह सात बजे विशेष विमान से चेन्नई से रांची लाया जाएगा। एयरपोर्ट से उनके पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को झामुमो कार्यालय हरमू ले जाया जाएगा। झामुमो कार्यालय से उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव अलारगो ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। अलारगो से भंडारीदह के दामोदर घाट तक शव यात्रा निकाली जाएगी। स्व. जगरनाथ महतो के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, चम्पई सोरेन, मिथलेश ठाकुर, रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता समेत कई विधायक और महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

शोक में झुके रहे राष्ट्रीय ध्वज

रांची : मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दो दिनों का राजकीय शोक मनाया जा रहा है। गुरुवार और शुक्रवार तक राजकीय शोक की घोषणा की गई। इस दौरान सभी भवनों जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वहां राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का राजकीय समारोह नहीं होगा। राज्य सरकार के निर्णय के बाद गुरुवार को राज्य के सभी सरकारी कार्यालय बंद रहे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से यह अधिसूचना ज्वाइंट सेक्रेटरी अखिलेश कुमार सिन्हा के हस्ताक्षर से जारी की गयी।

जगरनाथ दा ने नियति को भी टाइगर होने का एहसास कराया : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज सुबह राजनीतिक योद्धा जगरनाथ दा के निधन की खबर से निःशब्द और मर्माहत हो गया। जगरनाथ दा इस सरकार में मंत्री के साथ मेरे बड़े भाई और एक ऐसे अभिभावक की भूमिका में थे जो गलतियां होने पर डांट भी लगा देते थे और कभी पीठ भी थपथपा देते थे। उन्होंने कहा कि जगरनाथ दा को यूं ही टाइगर नहीं कहा जाता था। कोरोना काल में गंभीर रूप से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने नियति से लंबी लड़ाई लड़ी और जीत कर अपने टाइगर होने को चरितार्थ कर दिखाया। सोरेन ने कहा कि टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ दा ने अपने संघर्ष, कर्तव्य निष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता के कारण अपनी खास और अलग पहचान बनाई। निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करने की उनकी जिद से मैंने बहुत कुछ सीखा। कई बार विषम परिस्थितियों में उनके सलाह, विचार और हौसला आफजाई ने हिम्मत दी और लड़ने का जज्बा दिया। जगरनाथ दा जैसे व्यक्तित्व की कमी की भरपाई करना संभव नहीं है। उनकी कमी जीवन भर खलेगी। उनकी शिक्षा, उनका मार्गदर्शन और उनका आशीर्वाद मुझे आगे का रास्ता दिखाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगरनाथ दा ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान शिक्षा विभाग में कुछ ऐसे निर्णय लिए जिसे झारखंड हरदम याद रखेगा।

जगरनाथ महतो का निधन झामुमो के लिए अपूरणीय क्षतिः शिबू सोरेन

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया है। सोरेन ने कहा कि जगरनाथ महतो का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। सोरेन ने कहा कि महतो झारखंड आंदोलन के समय हमारे सहयोगी थे। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कार्यशैली, दूरदर्शिता तथा कुशल नेतृत्व प्रत्येक अवसर पर परिलक्षित होती थी।

शिक्षा मंत्री के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक : सीपी राधाकृष्णन

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया है। राज्यपाल ने कहा कि मंत्री के निधन का समाचार अत्यन्त दुखद और पीड़ादायक है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनके परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

शेयर बाजार

संसेक्स	:	59,832.97
निफ्टी	:	17,599.15

सर्राफा

सोना	:	5,745
चांदी	:	80.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)



इफ्तार (शुक्रवार) : 06.09
सेहरी (शनिवार) : 04.18

ब्रीफ न्यूज

गोड्डा में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को उम्रकैद

गोड्डा : अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय की कोर्ट ने गुरुवार को नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के दो दोषियों को आजीवन कारावास और दो लाख अर्थदंड की सजा सुनायी है। तमाम गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर लोक अभियोजक एल हेम्ब्रम की पैरवी पर कोर्ट सजा सुनायी है। कोर्ट ने आरोपी रुबेन मलतो और समीर मलतो को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा और एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी है। गोड्डा जिले के राजाभीठा थाना क्षेत्र की एक किशोरी के साथ मई, 2022 को सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। सामूहिक दुष्कर्म के बाद दोषियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। किशोरी के परिजन की शिकायत पर राजाभीटा थाने में 31 मई, 2022 को दोषियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। किशोरी के साथ दुष्कर्म की जानकारी मिलने पर पुलिस महकमे में खलबली मच गयी थी। पीड़िता का बयान दर्ज होने के बाद गवाहों और सबूतों को पेश करने का दौर चला। प्राथमिकता के आधार एक साल के अंदर ही दोनों

साहिबगंज : 19 घरों में लगी भीषण आग, लाखों के सामान जलकर राख

वरीय संवाददाता, साहिबगंज।

साहिबगंज के चांदशहर पंचायत में गुरुवार को एक घर में भीषण आग लगा गई। आग की लपटें इतनी तेज थी की पड़ोस के लगभग 19 घरों को अपनी चपेट में ले लिया और धू धू कर जलने लगी। जिसमें लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। इस दौरान ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। लेकिन, आग की लपटें तेज होने के कारण काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना पर राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस द्वारा अग्निशमन विभाग को घटना के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी में नाजीर शेख, ताजीमुद्दीन शेख, राजेश रजक, दौला शेख, मो. शेख, मोती शेख, मंगलू शेख, बदरूल शेख, इंटा शेख, बाबुल शेख, मोजाहिर नदाब, केसना, ग्यास शेख, सुकूर शेख, सदरू शेख, अब्रा शेख, नहजुल शेख, तस्लीम शेख घर शामिल है।

आगलगी से उठती लपटें और धुएं का गुबार

आशंका जताई जा रही है बीड़ी फेंकने से लगी आग

वहीं, घटना के संबंध में आशंका जताई जा रही है कि रूबभान शेख के घर के पास जलावन का ढेर था। जहां असमाजिक तत्वों द्वारा जलती बीड़ी फेंकने से अगलगी की घटना घटी। इस दौरान रूबभान शेख व सदरू शेख के घर में रखे सारा सामान, स्पेलेंडर बाइक जलकर खाक हो गया। दौला शेख व सुकुर शेख के घर में रखे दो पलंग,नगद आठ हजार रुपए, दो मवेशी जल गया। ग्यास शेख के घर में रखे गेहूं, कपड़ा, साइकिल व बक्सा जलकर राख हो गया। जबकि, नाजिर शेख के छत पर रखे हजारों रुपए का जलावान जल गया। वहीं, पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। घटना उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र के चांदशहर पंचायत की है।

12 सिलेंडरों की सीरियल ब्लास्ट से दहल उठी पटना, 100 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख

आग बुझाने के लिए मंगानी पड़ी 50 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

एजेंसी, पटना।

पटना में आगलगी के दौरान 12 गैस सिलेंडरों की सीरियल ब्लास्ट से पूरा इलाका दहल उठा। आसपास के लोग सहम उठे। इस भीषण अगलगी की घटना में लोगों के लाखों रुपये कैश, जेवर और कीमती सामान जलकर राख हो गये। बर्तन से लेकर पेटी में रखे नकद भी नहीं बच सका। पीड़ितों ने बताया कि घर का पूरा सामान जल गया है। कुछ भी नहीं बचा। साढ़े पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जब आग पर काबू पाया गया। इसके बाद पीड़ित अपने-अपने जले सामान को देखने के लिए पहुंचे और रोने लगे। इस दौरान पीड़ित लोग पुलिस से भी भीड़ गये। दरअसल, पुलिस पीड़ितों को अंदर जाने से रोक रही थी। इसी को लेकर पीड़ित लोग आक्रोशित हो गये और कहने लगे कि अब बचा ही क्या है और जले हुए सामान को भी नहीं देखें। लोगों को आक्रोशित होता देख पुलिस ने सभी को अंदर घुसने दिया। पास में ही स्थित एलएनजेपी अस्पताल में भगदड़ मच गई। लोग जैसे-तैसे अपने-अपने मरीज को स्ट्रेचर और गोद में लेकर सड़क पर उतर गये। देखते ही देखते पूरा अस्पताल परिसर खाली हो गया। स्थानीय लोग और पुलिस ने बताया कि अगर पांच मिनट की भी देरी होती तो एलएनजेपी अस्पताल में भी आग लग जाती और इसके बाद का जो स्थिति होती वह काफी भयावह होता।

पटना में आग बुझाने में लगी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां ● एजेंसी

कारगिल चौक से दिख रहा था धुएं का गुबार

आग की लपटों से जो धुएं का गुब्बार उठ रहा था वह इतना ज्यादा था कि कारगिल चौक से ही दिख रहा था। लोगों को समझ नहीं आ रहा था कि आग लगी कहा। पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैल रहा था कि अगर सही समय पर दकमल की गाड़ियां नहीं पहुंचती तो आसपास के घरों में भी आग लग जाती है। पुलिस ने बताया बगल में गैस एजेंसी भी था, सबसे अधिक उसी को लेकर डर था। आग को देखते हुए जिला प्रशासन को एयरपोर्ट से एक बड़ी दमकल की गाड़ी मंगवानी पड़ी। इसके अलावा पटना के विभिन्न स्टेशनों से करीब 50 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची थी।

नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकताओं को किया संबोधित

लोकतंत्र की कोख से जन्मी है भाजपा : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान हनुमान के जीवन को भारत की विकास यात्रा के लिए प्रेरणा बताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रेरणा भगवान हनुमान से मिलती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार और वंशवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया है। भाजपा के लिए देश सबसे ऊपर है। पार्टी भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, कानून और व्यवस्था की चुनौतियों से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति के नाम पर दिखावा हुआ। भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है। भाजपा देश में मुख्य सेवक की भूमिका में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा भारत के लिए दिन-रात काम कर रही है और हमारी पार्टी ह्यमां भारती, संविधान और राष्ट्र को समर्पित है। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को बधाई दी और कहा कि पार्टी को खून-पसीने से सींचने वाले कार्यकताओं के कारण ही हमें देश सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, हमने 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र को अपना आदर्श वाक्य बनाया है। भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को भगवान हनुमान के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हनुमान जी और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग आज भी हमें विकास यात्रा के लिए प्रेरणा देते हैं। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी लेकिन आज भारत बजरंगबली की तरह अपने भीतर सूक्त शक्तियों का आभास कर चुका है। उन्होंने कहा कि आज भारत हनुमान की शक्ति की तरह अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। भाजपा को भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था की चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा भगवान हनुमान से मिलती है। यदि हम भगवान हनुमान के पूरे जीवन को देखें, तो उनके पास ₹कर सकते हैं₹ रवैया था, जिसने उन्हें सभी प्रकार की सफलता दिलाने में मदद की। हनुमान जी दुष्टों का और भाजपा भ्रष्टाचारियों का नाश करते हैं।

कार्यकम को संबोधित करते पीएम नरेंद्र मादी ● एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त राशन, इलाज और शौचालय योजना का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा का जोर सामाजिक न्याय पर है। भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है, इसकी भावना का अक्षरशः पालन करती है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलना सामाजिक न्याय का प्रतिबिंब है। 50 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलना सामाजिक न्याय की सशक्त अभिव्यक्ति है।

ढाई करोड़ ठगी मामले में अमीषा पटेल को वारंट जारी

फिल्म बनाने के नाम पर पैसे लेने का आरोप

विशेष संवाददाता, रांची।

न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत ने फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ वारंट जारी किया है। समन जारी होने के बाद उपस्थित नहीं होने पर वारंट जारी किया गया है। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। यह मामला वर्ष 2017 का है। इसमें हरमू हाउसिंग कॉलोनी में एक कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार सिंह की अमीषा पटेल से मुलाकात हुई और फिल्मों में उन्हें पैसे लगाने को ऑफर मिला। आरोप के मुताबिक फिल्म देशी मैजिक बनाने के नाम पर उन्होंने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिए। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया। इसमें कहा गया है कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। फिल्म नहीं बनने पर उन्होंने पैसे वापस करने की मांग की थी। अभिनेत्री की ओर से उन्हें चेक दिया गया था, जो बाउंस हो गया।

सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से की मुलाकात

हजारीबाग के विकास समेत विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर की चर्चा

संवाददाता, हजारीबाग।

माननीय सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति श्री जयंत सिन्हा जी ने 5 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जे.पी. नड्डा जी से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात में विकास, राजनितिक व संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

जेपी नड्डा को सेवा का रिपोर्ट कार्ड दिखाते सांसद जयंत सिन्हा। ● द फोटोन न्यूज

श्री जयंत सिन्हा जी ने उनके समक्ष हजारीबाग लोकसभा में विशाल स्तर पर आयोजित की गयी सांसद खेल प्रतिस्पर्धा 'अमृत ट्रॉफी' की प्रति प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता ने खेल के क्षेत्र में इतिहास रचा। इसमें हजारीबाग लोकसभा की 300+ पंचायतों से लगभग 10 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने नड्डा जी को 'सेवा का रिपोर्ट कार्ड' भी प्रस्तुत किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा में चल रहे विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकार नड्डा जी को प्रसन्नता हुई।

जे.पी. नड्डा जी ने हजारीबाग व रामगढ़ में चल रहीं अक्षयपात्रा महा-रसोईघर, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट व रेलवे लाइन समेत अन्य कई परियोजनाओं की सराहना की। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा को प्रगति के पथ पर अग्रसर बनाये रखने हेतु श्री जयंत सिन्हा जी को शुभकामनायें दीं।

श्री जयंत सिन्हा जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से झारखण्ड के विकास व राजनितिक मुद्दों पर भी लंबी चर्चा की। जेएमएम-कांग्रेस सरकार की नीतियों व कार्यों से झारखण्ड वासी त्रस्त हैं। राज्य में भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण आज चरम पर है। जनता बुनियादी सुविधाओं तक को तरस रही है। इन सभी मामलों पर नड्डा जी ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार झारखण्ड में विकास को गति देगी और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाएगी।

श्री जयंत सिन्हा जी ने कहा कि मुझे श्री जे.पी. नड्डा जी से जो मार्गदर्शन मिला है, वो जनसेवा के मेरे संकल्प को नई ऊर्जा व मजबूती देगा। झारखण्ड की जनता राज्य में अब भाजपा का विकासशील शासन चाहती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व में झारखण्ड में 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत होगी और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

तुष्टीकरण की राजनीति से देश को काफी नुकसान हो रहा है : अर्जुन मुंडा

संवाददाता, खूंटी।

भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिले के उन वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं को सम्मानित किया गया, जो जनसंघ काल से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बतौर मुख्य अतिथि जबकि खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के विधायक कोचे मुंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता नमन के योग्य हैं। ऐसे वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन पार्टी को हमेशा मिलता रहा है। भाजपा को मुकाम तक पहुंचाने वाले कार्यकताओं ने ही इसकी बुनियाद डाली और जेल की यात्रा तक करके पार्टी को मजबूत बनाया।

विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा के पुराने कार्यकताओं ने शून्य से शुरू कर पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचा दिया। इसका सारा श्रेय एक-एक कार्यकर्ता को जाता है। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों की पूर्ववर्ती सरकारों ने राष्ट्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 1914 से अब तक सौ गुणा से अधिक विकास काम हुआ है।

विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा ने दो सांसदों के साथ राजनीति शुरू की थी और आज भाजपा कहां है, यह सब जानते हैं। इसका सारा श्रेय कार्यकताओं को जाता है। इसके पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला, जबकि अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा के वयोवृद्ध कार्यकर्ता मुनीनाथ मिश्रा, अरुण भगत, अधिवक्ता भोलानंद तिवारी, अधिवक्ता आशुतोष भगत, कैलाश भगत सहित जनसंघ काल के कई कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

लोकसभा की सभी सीटों को जीतने का संकल्प लें कार्यकर्ता : चंद्रशेखर बावनकुले

एजेंसी, मुंबई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी वर्ष में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना गठबंधन के साथ सभी 48 सीटों और विधानसभा चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का संकल्प करना है।

चंद्रशेखर बावनकुले ने मुंबई में भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत प्रतिकूल समय में हजारों कार्यकताओं ने जनसंघ और उसके बाद भाजपा की विचारधारा को बढ़ाने की कोशिश की। इन कार्यकताओं द्वारा किये गये त्याग पर ही आज पार्टी खड़ी है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना करते वक्त अटलबिहारी वाजपेयी ने समृद्ध, विकसित, शक्तिशाली भारत का सपना देखा था। नरेंद्र मोदी ने अटलजी ने जो सर्वश्रेष्ठ भारत का सपना देखा था, उसे प्रत्यक्ष रूप से साकार करने की दिशा में कदम उठाये हैं। इसी वजह से भारत विश्व में पांचवे क्रमांक की अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है।

इसके आगे आने वाले समय में राज्य में पार्टी को बढ़ाने के लिए कार्यकताओं को संगठन द्वारा गये गये विभिन्न कार्यक्रमों पर अमल करते हुए मोदी सरकार और राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार के विकास कार्यों को सर्वसामान्य लोगों तक पहुंचाने का काम करना होगा। 3 करोड़ नये सदस्य बनाने के अभियान को सफल करने और शिवसेना के साथ गठबंधन सहित लोकसभा की सभी 48 सीटें, विधानसभा की 200 से अधिक सीटें जीतने का संकल्प कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर करना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, श्रम मंत्री सुरेश खाडे, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कर्जतकर, चित्रा वाघ, राज पुरोहित, कृपाशंकर सिंह, प्रदेश महासचिव मुरलीधर मोहोल, मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के मसौदे पर सुझाव आमंत्रित

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के मसौदे पर सुझाव आमंत्रित किये हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 का उद्देश्य भारत में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा सहित पूरी शिक्षा प्रणाली को बदलना है। स्कूली शिक्षा बच्चे के जीवन की आधारशिला का काम करती है। एनईपी-2020 स्कूली शिक्षा के संदर्भ में, 10 2 संरचना से 5 3 3 4 में बदलाव की सिफारिश करती है और विभिन्न चरणों- फाउन्डेशनल, प्रारंभिक, मध्य और माध्यमिक में पाठ्यचर्या और शैक्षणिक बदलावों का सुझाव देने वाले विकासात्मक दृष्टिकोण पर जोर देता है। एनईपी-2020 सांस्कृतिक जड़ता, समानता और समावेश, बहुभाषावाद, अनुभवात्मक शिक्षा, सामग्री भार में कमी, पाठ्यक्रम में कला और खेल के एकीकरण आदि को एकीकृत करने वाली योग्यता-आधारित शिक्षा पर केंद्रित है।

एनईपी 2020 के अनुवर्ती के रूप में, चार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखाओं का विकास, अर्थात, स्कूली शिक्षा के लिए एनसीएफ, प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा के लिए एनसीएफ, शिक्षक शिक्षा के लिए एनसीएफ और प्रौढ़ शिक्षा के लिए एनसीएफ शुरू किया गया है। एनसीएफ के विकास को शुरू करने और मार्गदर्शन करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संचालन समिति की स्थापना की गई थी।

गृहमंत्री अमित शाह आज कौशांबी में कड़ा धाम महोत्सव का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी, कौशांबी।

देश के गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को कड़ा धाम के महोत्सव का शुभारंभ करने कौशांबी आ रहे हैं। गृहमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे अफसरों ने मंच, पंडाल समेत कार्यक्रम स्थल पर गुरुवार को सुरक्षा इंतजामों को अंतिम रूप दिया। तय कार्यक्रम के मुताबिक गृहमंत्री हेलीकॉप्टर से साढ़े 12 बजे कौशांबी पहुचेंगे। वह करीब दो घंटे जिले में रहने के बाद आजमगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे।

कौशांबी महोत्सव में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आगमन की तैयारी अंतिम रूप में पहुंच गई है। महोत्सव स्थल तक आने वाले वाहनों को पांच किलोमीटर दूर रोक दिया जाएगा। मंच पर वीआईपी के बैठने की व्यवस्था मुख्य मंच से 60 फीट दूर की गई है। मंच पर जाने के लिए शासन स्तर से लोगों को पास जारी किए गए हैं। केवल वही लोग ही मंच पर पहुंच सकेंगे।

गृहमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे अफसर। ● द फोटोन न्यूज

पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने गुरुवार को बताया कि कार्यक्रम स्थल से लेकर बाहर तक पुलिस का सख्त पहरा एवं निगरानी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा में पांच अपर पुलिस अधीक्षक, 17 क्षेत्राधिकारी, चार कंपनी पीएसी, 1000 सिपाही, 110 महिला पुलिसकर्मी, तीन दमकल की गाड़ियां एवं स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस के अलावा वीआईपी सुरक्षा में अतिरिक्त कमांडो एवं सेंट्रल पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे।

एसपी ने बताया कि गृहमंत्री की सभा स्थल पर काले कपड़े पहन कर आने की पूर्णता मनाही रहेगी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का सुरक्षा चक्र बनाया गया है। जिसकी निगरानी मजिस्ट्रेट व अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा को लेकर जोन के जनपदों से पुलिस कर्मियों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री की मौजूदगी में सांसद विनोद सोनकर दलित सम्मेलन का आह्वाहन करेंगे। सम्मेलन के जरिए सांसद विनोद सोनकर बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल के दलितों को एकजुट करने की रणनीति पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि सांसद ने दलित सम्मेलन को लेकर कोई खास रणनीति की बात बताए जाने से इंकार किया है, लेकिन भाजपा के सूत्रों के मुताबिक सांसद आने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कौशांबी महोत्सव के बहाने दलित वोट बैंक को लुभाने की कवायद में नजर आ रहे हैं।

कौशांबी दौरे पर आ रहे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जहां कड़ा धाम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे तो वहीं जनपद वासियों को कई सौगातें भी देंगे। गृहमंत्री जनपद की 117 योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिनमें ज्यादातर योजनाएं दलित उत्थान एवं दलित बस्तियों के लिए समर्पित बताई जा रही हैं।

प्रदेशभर में बूथस्तर पर धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस समारोह

मोदी-योगी के आगे अटल-आडवाणी को भूली भाजपा

एजेंसी, लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से प्रदेशभर में बूथस्तर पर मनाया गया लेकिन पूरा कार्यक्रम मोदी-योगी के इर्द गिर्द ही सिमटकर रह गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय पर झण्डा फहराकर किया। इसके बाद सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण सुना और योगी-मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि मोदी योगी राज में उत्तर प्रदेश भाजपा अटल-आडवाणी को ही भूल गयी।

स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित आदित्य नाथ योगी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

सामान्य दिनों के कार्यक्रमों में लगने वाली बैनर होर्डिंग से तो अटल-आडवाणी गायब ही रहते हैं। स्थापना दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय के समारोह स्थल पर लगी होर्डिंग से अटल आडवाणी पूरी तरह नदारद थे। उस होर्डिंग में एक तरफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ नरेन्द्र मोदी की फोटो लगी थी। दूसरी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक की फोटो छपी थी। होर्डिंग में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की फोटो जरूर थी लेकिन अटल-आडवाणी की फोटो नहीं थी।

जनसंघ के कार्यकर्ताओं के समक्ष जब दोहरी सदस्यता का प्रश्न उठाया गया और कहा गया कि जनसंघ के लोग जनता पार्टी छोड़ें या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपना रिश्ता खत्म करें। इस मुद्दे पर जनसंघ के नेताओं ने जनता पार्टी छोड़कर 06 अप्रैल 1980 को अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का गठन किया।

भाजपा के गठन के बाद 1984 में भाजपा को मात्र दो लोकसभा सीटें प्राप्त हुईं। धीरे-धीरे पार्टी का जनाधार बढ़ा और आज केन्द्र के साथ उत्तर प्रदेश समेत कई प्रान्तों में भी भाजपा की सरकार है।

भाजपा की स्थापना से लेकर उसे राष्ट्रीय पार्टी बनाने में अटल बिहारी बाजपेयी के बाद लाल कृष्ण आडवाणी की सबसे बड़ी भूमिका रही है। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है तो इसका श्रेय अटल आडवाणी को ही जाता है। भाजपा की स्थापना काल से राष्ट्रीय परिदृश्य पर नरेन्द्र मोदी के आने से पहले तक अटल आडवाणी ही पार्टी का मुख्य चेहरा रहे हैं। भले ही आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर भाजपा को वोट मिल रहा हो लेकिन अटल-आडवाणी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

हालांकि भाजपा के नेता व प्रवक्ता स्थापना दिवस के अवसर पर होर्डिंग में अटल आडवाणी की उपेक्षा पर कुछ भी बोलने से इंकार किया। राजनीतिक विश्लेषक शिवेश प्रताप ने कहा कि जिन अटल बिहारी बाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी की बदौलत भाजपा बढ़ी आज वही बैनर पोस्टर से नदारद हैं। भाजपा में अटल, आडवाणी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने स्थापना दिवस पर कहा कि पार्टी कार्यकर्ता श्रद्धेय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों का पालन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लक्ष्य अन्त्योदय, प्रण अन्त्योदय एवं पथ अन्त्योदय के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करते हैं। भाजपा अकेला ऐसा राजनीतिक दल है, जो हर तीन साल पर स्थानीय समिति से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के नियमित चुनाव कराता है। यही वजह है कि चाय बेचने वाला युवक देश का प्रधानमंत्री बना है और इसी तरह सभी प्रतिभावान लोगों का पार्टी के अलग-अलग स्तरों से बढ़ाने का काम पार्टी करती है।

ब्रीफ न्यूज

रजनी पाटिल के निलंबन मुद्दे पर खड़गे ने सभापति को लिखा पत्र

नई दिल्ली : राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा सदन की सदस्य रजनी अशोकराव पाटिल के निलंबन को वर्तमान सत्र से आगे भी जारी रखने के फैसले पर दुख और नाराजगी जताई है। इस संबंध में उन्होंने सभापति को पत्र लिखकर इस पर अपना रोष प्रकट किया है। खड़गे ने अपने पत्र में संसदीय परंपरा और नियमों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी सदस्य का इस तरह का निलंबन वर्तमान सत्र से आगे जारी नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि 14 पार्टियों के नेताओं ने उनसे उनके कक्ष में मुलाकात कर निलंबन हटाने से जुड़ा अनुरोध भी किया था। उल्लेखनीय है कि सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सदन की कार्यवाही से रजनी अशोकराव पाटिल के निलंबन को वर्तमान सत्र से आगे बढ़ाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकार समिति ने उनके मामले पर विचार के लिए समय मांगा है।

गृह मंत्रालय ने दिए ऑक्सफैम इंडिया पर एफसीआरए उल्लंघन मामले में सीबीआई जांच के आदेश

नई दिल्ली : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन के लिए सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक ऑक्सफैम इंडिया अधिनियम लागू होने के बाद भी विभिन्न संस्थाओं को प्राप्त विदेशी फंड ट्रांसफर कर रहा था। ऑक्सफैम इंडिया सामाजिक गतिविधियों के लिए एफसीआरए अधिनियम 2010 के तहत पंजीकृत था और 31 दिसंबर 2021 के बाद उसके पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं किया गया। ऑक्सफैम इंडिया ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2020 के लागू होने के बाद भी विदेशी अंशदान को विभिन्न संस्थाओं को हस्तांतरित करना जारी रखा था। इसके नियम इस तरह के हस्तांतरण को प्रतिबंधित करते हैं। यह संशोधन 29 सितंबर, 2020 को लागू हुआ था।

कोरोना की स्थिति की समीक्षा के लिए आज स्वास्थ्य मंत्री राज्यों के साथ करेंगे बैठक

नई दिल्ली : देश में कोरोना के नए मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ओमिक्रोन के नए वेरियंट के कारण दिनोंदिन इसके मामले बढ़ रहे हैं। कोरोना की स्थिति की समीक्षा और उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए लेकर शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक बुलाई है। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से होगी। इस बैठक में राज्यों में कोरोना की स्थिति और इससे निपटने के उपायों की समीक्षा की जाएगी। बता दें कि गुरुवार को कोरोना के नए मामले चार हजार से ऊपर दर्ज किए गए और छह मरीजों की मौत हो गई।

भारत के आंतरिक मामलों पर किसी से नसीहत की जरूरत नहीं : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली : विदेश मंत्रालय ने भारत के आंतरिक मामलों में बाहरी देशों की टिप्पणियों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा कि हमें किसी की नसीहत की जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के उत्तर में कहा कि समय-समय पर बाहरी देश भारत के घटनाक्रम के बारे में टिप्पणियां करते रहते हैं। पता नहीं इसके जरिए वे क्या हासिल करना चाहते हैं। जहां तक भारत का सवाल है उसे किसी के विचारों और सत्यापन की दरकार नहीं है। इस संबंध में उन्होंने जर्मनी सहित अन्य देशों के नेताओं की टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर कहा कि भारत की प्रणाली और संस्थाएं इनसे प्रभावित नहीं होती। अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम के खिलाफ चल रही कानूनी प्रक्रिया के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस पर गौर किया है। मामले पर अमेरिकी संस्थानों को ही विचार करना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही के संबंध में अमेरिकी पूंजीपति जॉर्ज सोरोस पर आक्षेप किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी भारत के राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में सोरोस की भूमिका की आलोचना कर चुके हैं। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्री का कथन अपने आप में स्पष्ट है। यदि इस संबंध में कोई गड़बड़ी पाई जाएगी तो संबंधित एजेंसियां कार्रवाई करेंगी।

चीन भारतीय पत्रकारों को अपने यहां काम करने की सुविधा दे : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली : विदेश मंत्रालय कुछ भारतीय पत्रकारों के वीजा पर कथित रोक के संबंध में चीन सरकार के संपर्क में है तथा उसे आशा है कि भारतीय पत्रकारों को वहां रहने और काम करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में चीन के कई पत्रकार वैध वीजा दिए गए हैं और वे यहां काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीजा संबंधी मामलों के साथ कई एजेंसियां संबद्ध हैं। मोटे रूप में हमारा मानना है कि चीन में भारतीय पत्रकारों को काम करने की सुविधा दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दो भारतीय पत्रकारों के वीजा का नवीनीकरण नहीं किया गया है। ये पत्रकार इन दिनों भारत में हैं। चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने विदेश मंत्रालय के पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि नए नाम इजाद करने से जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती। इस मुद्दे पर मिले अमेरिका के समर्थन पर प्रवक्ता ने कहा कि यह भारत-चीन का मामला है, यदि इसमें किसी अन्य देश का समर्थन मिलता है तो यह ठीक है। उन्होंने दोहराया की अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है तथा हमेशा रहेगा।

सट्टेबाजी और जुए के विज्ञापनों के खिलाफ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली : सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को मीडिया संस्थाओं, मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन विज्ञापन मध्यस्थों को सलाह दी है कि वे सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के विज्ञापन एवं प्रचार सामग्री को प्रसारित करने से बचें। इस संबंध में गुरुवार को जारी एक एडवाइजरी में मंत्रालय ने मुख्यधारा के अंग्रेजी और हिंदी समाचार पत्रों में सट्टेबाजी वेबसाइटों के विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को प्रकाशित करने की हालिया घटनाओं पर कड़ा ऐतराज जताया है। समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और ऑनलाइन समाचार प्रकाशकों सहित सभी मीडिया प्रारूपों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है और हाल के दिनों में मीडिया में इस तरह के विज्ञापन दिखाए जाने के विशिष्ट उदाहरण दिखाए गए हैं। मंत्रालय ने एक विशिष्ट सट्टेबाजी मंच द्वारा दर्शकों को अपनी वेबसाइट पर एक खेल लीग देखने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी आपत्ति जताई है, जो प्रथम दृष्टया कॉपीराइट अधिनियम, 1957 का उल्लंघन है।

कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली : कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विवादास्पद बीबीसी डॉक्यूमेंट्री की आलोचना करने वाले उनके ट्वीट के बाद जनवरी में उन्होंने कांग्रेस में सभी भूमिकाओं से इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, वी मुरलीधरन और भाजपा की केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने नई दिल्ली में औपचारिक कार्यक्रम में अनिल एंटनी का अपनी पार्टी में स्वागत किया। अनिल एंटनी ने कहा कि एक भारतीय युवा होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण में अपना योगदान दूं।

मौसम

31.0⁰ अधिकतम तापमान

19.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय कल 05.35

सूर्यास्त आज 18.06

द फोटोन न्यूज
द फोटोन न्यूज www.thephotonnews.com
शुक्रवार, 07 अप्रैल 2023

ब्रीफ न्यूज

श्री अन्नपूर्णा सेवा केंद्र की पहली वर्षगांठ आज

रांची : श्री अन्नपूर्णा सेवा केंद्र की पहली वर्षगांठ सात अप्रैल को मनाई जाएगी। स्व. सत्यनारायण नारसरिया और स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से पुरुलिया रोड के स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल के बगल में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि पिछले साल सात अप्रैल को अन्नपूर्णा सेवा केंद्र की शुरूआत की गई थी। सात अप्रैल को सेवा का एक वर्ष पूरा हो रहा है। इस उपलक्ष्य में सात अप्रैल को सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि उप महापौर संजीव विजयवर्गीय उपस्थित रहेंगे।

झारखंडः झाप्रसे के आठ अधिकारियों का तबादला

रांची : झारखंड प्रशासनिक सेवा (झापसे) के आठ अधिकारियों का तबादला किया गया। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है इनमें खूंटी की कार्यपालक दंडाधिकारी उषा मुंडू को स्थानांतरित करते हुए ग्रामीण विकास विभाग, लातेहार में पदस्थापित कार्यपालक दंडाधिकारी प्रीति सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रामगढ़ की प्रखंड विकास पदाधिकारी एनी रिंकू कुजुर को ग्रामीण विकास विभाग, कामदारा के बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का को स्थानांतरित करते हुए जनजातीय कल्याण शोध संस्थान दुमका के कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजुर को रामगढ़, गोड्डा की कार्यपालक दंडाधिकारी कोमल कुमारी को स्थानांतरित करते हुए खूंटी, जामताड़ा की कार्यपालक पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी को पलामू, मेदिनीनगर के कार्यपालक दंडाधिकारी विनोद राम को लोहरदगा स्थानांतरित किया गया है।

जेट के आदेश के खिलाफ अपीलार्थियों की बहस पूरी

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की पीठ में गुरुवार को झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की डबल बेंच में अपील दायर हो सकती है या नहीं, इस विषय पर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई हुई। मामले में सभी अपीलार्थियों की बहस पूरी हो गयी। अब अगली सुनवाई में प्रतिवादियों की बहस होगी। सुनवाई के दौरान अपीलार्थियों ने कोर्ट से कहा कि यह अपील मेंटेनेबल (सुनवाई योग्य) है। उनकी ओर से इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अगली सुनवाई 15 मई को होगी।

टीपीसी एरिया कमांडर की जमानत पर हुई सुनवाई

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में गुरुवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के लातेहार एरिया कमांडर नथुनी उर्फ नथुनी सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट अब एक सप्ताह बाद नथुनी की बेल पर सुनवाई करेगा। राज्य सरकार की अधिवक्ता अनुराधा सहाय ने जमानत याचिका का विरोध किया।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24,
Roshpa Roshpa Tower, Main
Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

रिटायर्ड रेंजर के घर डाका, सात नकाबपोश अपराधियों ने की डकैती

15 लाख नगद सहित तीस लाख के जेवरात ले उड़े हथियारबंद अपराधी

- टाटीसिलवे के आदर्श नगर में बुधवार रात हुई घटना
- पूरे परिवार को बंधक बनाकर दिया घटना को अंजाम, एसाइटी कर रही मामले की जांच
- सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही पुलिस, कई युवकों को हिरासत में लिया

टाटीसिलवे के आदर्श नगर स्थित इसी घर में हुई घटना ● फोटोन न्यूज

क्राइम रिपोर्टर, रांची ।

टाटीसिलवे के आदर्श नगर में रहने वाले रिटायर्ड रेंजर रुद्र नारायण प्रसाद के घर डकैतों ने डाका डाला। घटना बुधवार की रात करीब 8 बजे की है। हथियारों से लैस सात नकाबपोश डैकतों घटना को अंजाम दिया। जब पूर्व रेंजर की पत्नी और बहू घर में अकेली थी। पत्नी और बहू अपने अपने काम में व्यस्त थी। बच्चे घर क के अंदर खेल रहे थे। उसी दौरान डकैत घर के अंदर चले आए और हथियार के बल पर सभी को बंधक बना लिया। डकैतों ने सभी को एक कमरे में बंद कर दिया इसके बाद अलमारी में और जगहों पर रखा हुआ पैसा और जेवरात लेकर सभी डकैत फरार हो गए। रात साढ़े नौ बजे पूर्व रेंजर का बेटा इंद्रजीत कुमार घर पहुंचा तो देखा की घर का सभी समान बिखरा-पड़ा हुआ है। उनकी मां, पत्नी, और बच्चा कमरे में बंद थे। बेटे ने सभी को दरवाजा खोलकर बाहर निकाला। सभी ने घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। इसकी सूचना तत्काल टाटीसिलवे पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पहुंचे। पूरी घटना की जानकारी ली। इसके बाद छानबीन की जा रही है। मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। हर पहलुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने इस मामले में कुछ दागी किस्म के युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगी है। इस मामले की जांच के लिए ग्रामीण एसपी ने एसआईटी का गठन किया है। ताकि जल्द अपराधियों का सुराग मिल सके। इधर, घटना के बाद पुलिस ने अपराधियों की तलाश मे हर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। हालांकि अपराधी नहीं पकड़े गए।

आज से अगले चार दिनों तक मौसम मे होगा उतार-चढ़ाव

छाए रहेंगे बदल, बारिश के भी आसार

वरीय संवाददाता, रांची

पूरे राज्य के मौसम में इन दिनों उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि राज्य में आने वाले दिनों आसमान में बादल छाए रहेंगे। 09 अप्रैल को हल्की वर्षा की संभावना है। तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी की संभावना है और गर्मी की वजह से नमी में कमी के आसार हैं। साथ ही हवा की गति भी सामान्य बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि दक्षिण पश्चिम की दिशा से बहने वाली हवा के कारण आसमान में जहां बादल छाए रहेंगे वहीं हल्की वर्षा की भी संभावना है। हालांकि इसके बाद भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा। दो से तीन डिग्री तक तापमान में वृद्धि हो सकती है। हालांकि कुछ हिस्सों में नमी के कारण दोपहर के बाद छिटपुट वर्षा हो सकती है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से मौसम ने राज्यभर में करवट ले ली है और इस बीच राजधानी समेत राज्य के कई जिलों में तेज हवा, आंधी और वज्रपात के साथ वर्षा भी हुई। इस वर्षा से राज्यवासियों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया है कि 10 अप्रैल तक राज्य के अमूमन सभी हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राजधानी में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री जबकि न्यूनतम 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

फसलों की नियमित सिंचाई करते रहें किसान

दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ तेज हवा की गति के कारण पौधों को जल की आवश्यकता बढ़ जाती है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फसलों में नियमित रुप से सिंचाई करते रहें। नमी को संरक्षित रखने के लिए निकाई गुड़ाई अवश्य करें। रबी की जो फसल तैयार हो गई है उसकी कटाई के बाद अगर मिट्टी में पर्याप्त नमी मौजूद हो तो खेत की जुताई कर दें, पाटा न चलाएं। मिट्टी को खुला छोड़ देने से इसमें मौजूद खर पतवार तथा कीड़े मकोड़े नष्ट हो जाएंगे। तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए किसान अपने मवेशियों को धूप में निकालने से बचाएं। ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाएं और जानवरों को नियमित रुप से नहलाएं।

ट्रिपल मर्डर : दूसरी महिला से था अवैध संबंध इसलिए पति ने पत्नी व दोनों बच्चों को मार डाला

ठाकुरगांव के जंगल मे जलाकर हत्या करने के मामले मे आरोपी पति पर एफआईआर दर्ज

- आरोपी पति की हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

क्राइम रिपोर्टर, रांची ।

ठाकुरगांव इलाके के जंगल में हुई ट्रिपल मर्डर मामले में संदिग्ध माने जा रहे पति बिजेंद्र पर हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर ममता देवी के पिता मोहन राम ने दर्ज कराई है। पिता ने पुलिस को बताया है कि दामाद बिजेंद्र का एक महिला के साथ अवैध संबंध है। इस वजह से उसने बच्चों समेत अपने पूरे परिवार को मार डाला। अपने पूरे परिवार की हत्या करने के बाद आरोपित उसी महिला के साथ रहना चाहता है। पुलिस का कहना है कि हर बिंदु पर गंभीरता से जांच की जा रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने इस मामले की जांच के लिए ग्रामीण एसपी को जिम्मेवारी दी है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम आरोपित से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द से जल्द इस कांड का खुलासा कर लिया जाएगा। पुलिस इस मामले मे आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

महिला व दोनों बच्चों की फाइल फोटो

शादी के बाद से ही कर रहा था प्रताड़ित

प्राथमिकी में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी दस वर्ष पहले बिजेंद्र से किया था। शादी के बाद से ही ममता देवी को उसके पति और ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। बार-बार पैसे की मांग की जाने लगी। मोहन राम के द्वारा कई बार पैसा दिया गया लेकिन ससुराल के लोग नहीं मान रहे थे। आरोपी पति बाइक और पैसा मांग रहा था। मोहन राम ने अपनी बेटी के लिए लातेहार में दस डिसमिल जमीन लिया था लेकिन इससे भी बिजेंद्र खुश नहीं था। मोहन जबतक उसको पैसा दे रहा था तबतक बिजेंद्र ठीक से रहता था। लेकिन पैसा नहीं रहने पर वह ममता के साथ मारपीट करता था। बिजेंद्र हर वक्त नशे की हालत में रहता था। मोहन का कहना है कि बिजेंद्र ने ममता और दोनों बच्चों को मारने के बाद उनके शव को जला दिया। बताया दें कि बीते बुधवार की सुबह महिला ममता देवी, दो बच्चे आर्यन और यशराज की जली अवस्था में बगड़ा जंगल में लाश मिली थी।

रांची डीसी ने 27 दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति का दिया आदेश

वरीय संवाददाता, राची ।

रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। चयन समिति की 11 जनवरी, 2023 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अलोक में दलपतियों का उम्र क्षांति के साथ प्राप्त अनुमोदन के बाद 27 दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति का आदेश दिया गया है। उपनिदेशक पंचायती राज विभाग के 2 फरवरी, 2023 के आदेश के आलोक में दलपतियों का उम्र क्षांति के साथ प्राप्त अनुमोदन के बाद दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर वेतनमान 5200-20200 एवं ग्रेड पे 2000 में सरकार द्वारा समय-समय पर प्रदत्त मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता पर अस्थायी रूप से नियुक्ति की जायेगी।

झारखंड पंचायत सचिव (नियुक्ति सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली (संशोधित) झ 2014 के आलोक में पंचायत सचिव पद पर नियुक्त व्यक्तियों को पदस्थापना के पूर्व छह माह का प्रशिक्षण अनिवार्य है। इसमें तीन माह का सैद्धांतिक प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन संबंधी कार्य प्रशिक्षण केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान हल, रांची में किया जाएगा। तीन माह के व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए पंचायत सचिव को नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा प्रखंड / ग्राम पंचायत में प्रतिनियुक्त किया जायेगा। प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को निर्धारित पोशाक एवं आवश्यक समान के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रशिक्षाणार्थी को प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने, बोर्ड द्वारा प्रदत्त मूल प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक होगा पुनः प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थी को जिला पंचायत कार्यालय में योगदान देना होगा।

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा

चयनित पंचायत सचिव

- सीतानाथ महतो, पंचायत नावाडीह
- अनिल महतो, पंचायत- हेथु
- घृतलाल महतो, पंचायत- बिजाग
- सहजु महतो, पंचायत- पालु
- छोटनलाल महतो, पंचायत- बोगांईबेड़ा
- रामदास महतो, पंचायत- नवगढ़ा
- सुबोध चंद्र गोराई, पंचायत- टुटकी
- कर्मा महतो, पंचायत- हेसल
- राजकिशोर महतो, पंचायत- लान्दोपडीह
- रामलाल महतो, पंचायत- अनगड़ा
- मो. एकराम, पंचायत कैम्बो
- राजेंद्र नायक, पंचायत- चिलदाग
- बेचन चंद्र महतो, पंचायत- लोटा
- राधानाथ महतो, पंचायत- कुरकुटा
- प्रदीप कुमार साहु, पंचायत- तेलवाडीह
- लखीराम बेदिया, पंचायत- सुरसु
- भगीरथ महतो, पंचायत- गलऊ
- हरकुलश प्रसाद महतो, पंचायत- रातु पूर्वी
- मंगल उरांव, पंचायत बाजपुर
- सुभान अंसारी, पंचायत- बिजुलिया
- अतिकुल रहमान, पंचायत- गुरुगाई
- सुनील तिर्की, पंचायत- पुरियो
- घुरन महतो, पंचायत- लोवाहतु
- दशरथ महतो, पंचायत- अमलेशा
- जनार्दन कुमार दास, पंचायत- दाने केरा
- अनिल मुण्डा, पंचायत- बोड़ेया
- दयालचन्द्र दासबाबाजी, पंचायत- तेतला

राज्य के जेल सिस्टम में सुधार को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई

हाईकोर्ट में सशरीर हाजिर हुई गृह सचिव वंदना डाडेल कहा- जल्द तैयार हो जाएगा मॉर्डन जेल मेनुअल

झारखंड हाईकोर्ट

विशेष संवाददाता, रांची ।

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के जेल सिस्टम में सुधार को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुईं। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में मॉडल जेल मैनुअल दो माह में फाइनल हो जाएगा। इसके बाद महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को अंडरटेकिंग देते हुए बताया कि दो माह में मॉडल जेल मैनुअल तैयार हो जाएगा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने गृह सचिव से जानकारी मांगी थी कि राज्य में कब तक मॉडल जेल मैनुअल बन जाएगा। एमिकस क्यूरी मनोज टंडन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में मॉडल जेल मैनुअल बनाया है। इसे राज्य सरकार को भेजा गया था और उन्हें इसी के आधार पर मॉडल जेल मैनुअल बनाने को कहा गया था। दूसरे राज्यों में मॉडल जेल मैनुअल बन चुका है लेकिन झारखंड में अब तक नहीं बना है। जब भी हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होती है तो सरकार की ओर से कहा जाता है कि मॉडल जेल मैन्युअल बनने का काम प्रक्रिया में है। वर्ष 2019 में भी शपथ पत्र दाखिल कर राज्य सरकार ने कहा था कि मॉडल जेल मैनुअल बनने का काम प्रोसेस में है, आज भी सरकार यही बात कह रही है।

झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल के मामले में पांच जजों की बेंच में हुई सुनवाई

रांची : झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के पांच जजों की बेंच में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस की गई। जिसके बाद अदालत ने इस केस से जुड़े प्रतिवादियों की बहस के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता कुमार हर्ष ने याचिका को मेंटेनेबल (सुनवाई योग्य) बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया और कहा कि झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल एक्ट के प्रावधान के मुताबिक, ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट के डबल बेंच में सुनवाई की जा सकती है। वहीं उनकी ओर से अदालत में मामले से संबंधित कुछ दस्तावेज भी पेश किए गये। विरोधाभासी आदेश के कारण सुनवाई पांच जजों वाली बेंच में विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के चेयरमैन मनीष कुमार मिश्रा, मनोरंजन कुमार सिन्हा, उपेंद्र कुमार पांडे और कृष्ण कुमार झा की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल के मामले में दो अलग-अलग आदेश झारखंड हाईकोर्ट के 3 जजों की बेंच से दिया गया है। दोनों आदेश विरोधाभासी होने के कारण यह मामला सुनवाई के लिए पांच जजों वाली बेंच में भेजी गई है।

अधिवक्ता राजीव और व्यवसायी अमित की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने किया खारिज

रांची : ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। इससे पूर्व अदालत ने 27 मार्च को डिस्चार्ज याचिका पर दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी की ओर से अधिवक्ता शिव प्रसाद उर्फ काका ने बहस की थी। अधिवक्ता राजीव कुमार का पक्ष अधिवक्ता शंभू अग्रवाल ने रखा था। व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की थी। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए अदालत से आरोप मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी।

19 तक जेल में ही रहेंगे अभियंता वीरेंद्र राम

रांची : ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी बिरसा मुंडा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। अदालत ने वीरेंद्र की न्यायिक हिरासत की अवधि 19 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए सबसे पहले 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। तीसरी बार तीन दिनों के लिए उसे रिमांड पर उसे ईडी को दिया गया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान लगभग 20 लाख से अधिक कैश और डेढ़ करोड़ के जेवरात मिले थे।

स्वर्ण व्यापारी के यहां से चोरी कर भाग रहे शातिर को गुमला पुलिस ने दबोचा, दो फरार

- सात घंटे तक हुई मशीन से नोटों की गिनती
- 6 करोड़ 53 लाख 97 हजार 730 रुपये बरामद

संवाददाता, गुमला।

दिल्ली के करोलबाग में रहने वाले एक स्वर्ण व्यापारी के अपार्टमेंट से करोड़ों रुपये की चोरी कर राउरकेला जा रहे एक शातिर को पुलिस ने बुधवार देर रात एक निजी बस से गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके दो साथी भाग निकलने में कामयाब रहे। आज करीब सात घंटे तक बैगों व ट्रॉली बैग से मिली राशि की गिनती बैंक कर्मियों द्वारा की गई, जिसमें कुल 6 करोड़ 53 लाख 97 हजार 730 रुपये थे। राशि को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित को गुमला जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार अपराधी व प्रेस को जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

गुमला के पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब ने आज शाम अहतु थाना के सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस की इस सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्हें यह गुप्त सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति दिल्ली स्थित करोलबाग के गली नंबर 06 में रहने वाले एक स्वर्ण व्यापारी के अपार्टमेंट से 6-7 करोड़ रुपये की चोरी कर गुमला के रास्ते राउरकेला जा रहे हैं। तुरंत एक दल का गठन कर अर्धरात्रि में चंदाली स्थित गुमला पॉलिटेक्निक के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई।

उन्होंने बताया कि बुधवार रात करीब 1.30 बजे गुप्ता बस वहां पहुंची तो उसकी तलाशी ली गई। वाहन के पीछे वाली डिक्की में पांच बैग, जिसमें सामान भरा हुआ था, बंद अवस्था में बरामद किया गया। उपस्थित मजिस्ट्रेट के समक्ष बस के अंदर सवार यात्रियों से डिक्की में रखे ट्रॉली बैग व पिट्ठू बैग के संबंध में पूछताछ करने पर एक व्यक्ति सामने आया तथा सभी सामानों को अपना बताया। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. फरीद खान उर्फ छोटू (22) निवासी राउरकेला मालगोदाम काली मंदिर के पास थाना उदित नगर जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा) बताया।

बैग में रखे सामान के संबंध में पूछने पर उसने बताया कि बैगों में दिल्ली के करोलबाग गली नंबर छह से चोरी किया हुआ करीब 6-7 करोड़ रुपये नकदी व अन्य सामान है। जिसे उसने दो दोस्तों विशाल मंडल और मो. कैफ दोनों निवासी ग्राम राउरकेला माल गोदाम काली मंदिर के पास थाना उदित नगर जिला सुंदरगढ़ के साथ मिलकर चोरी की है। इसी बीच विशाल मंडल और मो. कैफ बहाना बनाकर उतर गए।

एसपी ने बताया कि चार अलग-अलग बैगों से 6,53,97,730 (6 करोड़ 53 लाख 97 हजार 730 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा सोने जैसी दिखने वाली एक चेन, पत्थर लगी तीन अंगूठी और एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित एक शातिर अपराधी है। उसके विरुद्ध दो मामले छेन्द थाना में और एक मामला प्लांट साईट (राउरकेला) में भादवि व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज हैं। पुलिस ने फरार दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

पुलिस की टीम में दंडाधिकारी सुदीप राज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार, परिचारी प्रवर प्रणव कुमार, पुअनि दीपक कुमार रौशन, गुलाम मुस्तफा, बीरबल कुमार पांडेय, सअनि बबलू बेसरा, थाना रिजर्व बल के हवलदार रामधन उरांव, हवलदार जयशंकर कुमार, आरक्षी सुनील कुमार, रामवीर राम, जितेंद्र लोहरा, रवि भगत और राजेश लोहरा शामिल थे।

मौसम के पूर्वानुमान से फसलों के नुकसान से बचा जा सकता है : मौसम वैज्ञानिक

खूंटी : मौसम का पूर्वानुमान कर फसलों पर मौसम का पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचा जा सकता है और कृषि उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है। ये बातें कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कही। हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए डॉ चौधरी ने कहा कि मौसम के कुप्रभाव से फसलों को बचाने और किसानों को कृषि संबंधी सलाह देने के लिए ही जिला कृषि मौसम इकाई के तहत खूंटी में कृषि विज्ञान केन्द्र संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के अंतर्गत पूरे देश में कृषि वज्ञिान केंद्र का संचालन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से किया जाता है। मौसम विज्ञानी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है। खूंटी जिले में सिचाई की सुविधा नहीं के बराबर है और यहां के किसानों को पूर्ण रूप से वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

डोभा और कुएं में जमा पानी ही यहां सिचाई का मुख्य साधन है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन हमारी खेतीबारी के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहा है, जबकि कृषि की उत्पादकता पूरी तरह मौसम, जलवायु और पानी की उपलब्धता पर निर्भर होती है। ऐसे में मौसम के बारे में पूर्वानुमान और सलाह किसानों के लिए वरदान साबित होती है। उन्होंने कहा कि जिला कृषि मौसम इकाई कृषकों को मौसम संबंधी सलाह के साथ-साथ मौसम आधारित खेती और पशुधन प्रबंधन की रणनीतियों और संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत जिला और ब्लॉक स्तर पर मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान तैयार किया जाता है।

यह केंद्र खूंटी में 2019 से संचालित है और जिले के सभी छह प्रखंडों तोरपा, रनिया, कर्रा, खूंटी, मुरहू और अड़की के किसानों के लिए मौसम संबंधी सलाह देता है। फिलहाल इस केंद्र से खूंटी जिले के पांच हजार से अधिक किसान जुड़े हुए हैं। डॉ चौधरी ने बताया कि किसानों के लिए मौसम पूर्वानुमान हर मंगलवार और शुक्रवार को आगामी चार दिनों के लिए जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि किसानों को नई कृषि तकनीक और मौसम के अनुसार कृषि कार्य करने की सलाह दी जाती है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि केंद्र द्वारा अब तक एस सौ से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान से फसलों की कटाई, रख-रखाव, कीटनाश्कों का प्रयोग सहित अन्य कई बातों की जानकारी मिल जाती है। डॉ चौधरी ने किसानों से अपील की कि वे केंद्र की फसल बुआई, सिंचाई, उर्वरक और कीटनाशक के प्रयोग सहित अन्य सेवाओं का लाभ जरूर लें।

पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ खूंटी में मना सरहुल महोत्सव

संवाददाता, खूंटी।

चैत्र पूर्णिमा पर गुरुवार को खूंटी में सामूहिक सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जदूर अखड़ा में पूजा-अर्चना के बाद सरहुल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाहरणालय के पास स्थित जदुर अखड़ा से निकाली गई शोभायात्रा में अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा सहित सैकड़ों लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के विधायक कोचे मुंडा सरहुल महोत्सव में शामिल नहीं हुए और वे सर्किट हाउस में बैठे रहे। समारोह में अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, पद्मभूषण कड़िया मुंडा, नगर पंचायत के अध्यक्ष अर्जुन पाहन सहित कई अतिथि शामिल हुए।

जदूर अखड़ा से निकली शोभायात्रा मुख्य पथ से बाजार टांड़, भगत सिंह चौक, नेताजी चौक से डीएवी रोड होते हुए आश्रम टांड़ पहुंचकर समाप्त हुई। आश्रम टांड़ मैदान में गीत-नृत्य के साथ सरहुल की डाली का विधिवत विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों से बाजे-गाजे और आदिवासी नृत्य दलों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग शामिल हुए। इससे पूर्व अतिथियों के जदूर अखड़ा पहुंचने पर आदिवासी रीति-रिवाज के साथ उनका स्वागत किया गया। पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि आदिवासियों का प्रकृति के साथ गहरा संबंध है।

काली मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन और ध्वजारोहण

धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन होता है : रोशन लाल चौधरी

संवाददाता, रामगढ़।

नीचे धौड़ा भुरकुंडा में ह्यश्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह भगवती काली मंडपह्ल जीर्णोद्धार कार्य को ले गुरूवार को मंडप प्रांगण में पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा भूमि पूजन कराया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया।

सनातन धर्म के इस अतिविशिष्ट कार्य एवं पूजा व ध्वजारोहणि में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सदस्य सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम शामिल हुए। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा कि मां काली के मंदिर के निर्माण और यज्ञ से क्षेत्र में साकारात्मकता का संचार होगा। उन्होंने मंडप में मत्था टेक माता रानी से क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि मां काली की कृपा से भक्तों के हर दुख दूर होता है साथ ही खुशियों की वर्षा होती है।

उन्होंने कहा कि मां काली सच्चे मन से प्रार्थना करने श्रद्धालुओं की हर मनोकामना भी पूर्ण करती है। मौके पर मुखिया सह मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय पासवान, सचिव आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष सह उपमुखिया संजीत राम, संजय मिश्रा, विश्वरंजन सिन्हा, सूरज करमाली सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

सरना स्थल पर धूमधाम से मनाया गया प्रकृति का पर्व सरहुल

सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है: बंधु तिर्की

- सभी ने एक दूसरे को सरहुल की बधाइयां दी, साथ ही प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया
- अतिथियों का स्वागत सरना समिति के द्वारा पगड़ी पहनाकर किया गया
- अतिथियों सहित सभी उपस्थित महिला-पुरुष नागपुरी गीत के साथ मांदर की थाप पर खूब थिरके

संवाददाता, रजरप्पा।

दुलमी बाजार टांड़ स्थित सरना स्थल पर प्रकृति का पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। मिलन समारोह में बतौर मुख्य अथिति पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए। जबकि विशिष्ट अथिति रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, दिनेश मुंडा रामगढ़ जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष, छोटेलाल करमाली एसीएस केंद्रीय उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा, प्रकाश करमाली, सुनील करमाली बीस सूत्री अध्यक्ष रामगढ़, शंकर करमाली विधायक प्रतिनिधि मांडू, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान, किसान नेता पंकज महतो, संजय करमाली, माधव करमाली आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले दुलमी गांव से पूरे गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर सरना स्थल पहुंचे। पहान द्वारा सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मुर्गे की बलि दी। इसके बाद सरैय फूल चढ़ाया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच फूल खोसी भी की गई। पूजा के बाद प्रसाद का भी वितरण हुआ।

इस दौरान अतिथियों सहित सभी उपस्थित महिला पुरुषों ने नागपुरी गीत के साथ मांदर की थाप पर खूब थिरके। सभी ने एक दूसरे को सरहुल की बधाइयां दी। साथ ही प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया।

मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है। यह पर्व जल, जंगल एवं जमीन से जुड़ी हैं। क्योंकि हमलोग पेड़ पौधा की पूजा करते है। जिससे उनसे हमें जीवन की प्राप्ति होती है। आगे कहा कि इस स्थल में चाहरदीवारी का निर्माण बहुत दिनों से विवादित है बहुत जल्द इसका निपटारा किया जाएगा. इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत सरना समिति के द्वारा पगड़ी पहनाकर किया गया। मौके पर सरना समिति के संरक्षक प्रकाश करमाली, अजय करमाली, महामंत्री उमेश कुमार मुंडा, अध्यक्ष चुनिलाल करमाली, सचिव कैलाश करमाली, कोषाध्यक्ष विनोद करमाली, पूजा प्रभारी सुभाष नायक, बबलू मुंडा, गौतम मुंडा, प्रसाद प्रभारी अमर नायक, गज्जू करमाली, कामेश्वर मुंडा सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

जगरनाथ महतो का निधन राज्य के लिए अपूर्णीय क्षति : रोशन लाल चौधरी

संवाददाता, रामगढ़।

आजसू पार्टी रामगढ़ जिला प्रधान कार्यालय में शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो को पूरे आजसू पार्टी की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी श्री रोशनलाल चौधरी जी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी जगरनाथ महतो का निधन पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है।

स्वर्गीय जगरनाथ महतो एक महान आंदोलनकारी जुझारू कर्मठ नेता थे और डुमरी विधानसभा क्षेत्र से लगातार 4 बार विधायक बनकर विधानसभा में अपना कार्यकाल पूरा किया। आज चेन्नई में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया जिसे पूरी झारखंड राज्य भुला नहीं पाएगा इस दुख की घड़ी में पूरा आजसू परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

श्रद्धांजलि सभा में आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य लाल बिहारी महतो जिला अध्यक्ष श्री दिलीप दांगी अनुज तिवारी रीना शाह गायत्री देवी कुलदीप वर्मा पंकज वर्णवाल राजेश महतो नीतीश निराला रोहित सोनी अमरदीप राम इंदरजीत राम जैकी राम संजय महतो पवन करमाली रिंकू करमाली अंकित अग्रवाल पंकज दांगी विक्कू यादव लालू शर्मा प्रभात अग्रवाल अजय महतो नीतीश दांगी आनंद कुशवाहा दिलीप कुशवाहा नीरज मंडल अमित कुमार नीतीश कुमार राहुल कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे

ब्रीफ न्यूज

श्री-श्री 1008 श्री मानस महायज्ञ अखंड रामायण महापाठ का हुआ आयोजन

रांची : राजधानी के कांके प्रखंड के राढ़हा गांव के सिमलबेड़ा में श्री श्री 1008 श्री मानस महायज्ञ अखंड रामायण महापाठ का दो दिवसीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन से कलश यात्रा के साथ यज्ञ का कार्यक्रम शुरू हुआ। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल पहुंचने के बाद पंचांग पूजन के साथ 24 घंटे का अखंड मानस पाठ प्रारंभ हुआ। गुरुवार को नित्य पूजन यज्ञ की पूणाहुति हुई। तत्पश्चात भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हुआ। नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में लगातार तीसरे वर्ष महायज्ञ आयोजन किया गया। आयोजन समिति में अध्यक्ष रामजीत महतो, उपाध्यक्ष नरेश महतो, सचिव धनेश्वर महतो, उपसचिव विजेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष बलराम महतो, उप कोषाध्यक्ष दिनेश्वर महत्व सहित अन्य कार्यकारिणी के सदस्य शामिल थे। महायज्ञ आचार्य पंडित महेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में पुरोहित सनोज पांडे, आनंद मिश्रा एवं कृष्णा गिरि के द्वारा संपन्न हुआ।

सीआरपीएफ कैंप में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती

खूंटी : हनुमान जयंती पर सीआरपीएफ की 94 बटालियन ने सोदे कंपनी में कई धार्मिक अनुष्ठान किए। कैंप परिसर स्थित मंदिर प्रांगण में स्थापित हनुमान की मूर्ति का अनावरण केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सर्वाधिक वीरता पदक से सम्मानित प्रकाश रंजन मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी ने किया। प्रतिमा के अनावरण के पूर्व मंदिर प्रांगण में संगीतमय अखंड रामायण का पाठ किया गया और विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके पूर्व मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई, जहां श्रद्धालु सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करते चल रहे थे। बजरंग बली की प्रतिमा के साथ ही मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुंदरकांड के पाठ के बाद 94 बटालियन के कमांडेंट व अन्य अधिकारियों, जवानों ने और ग्रामीणों द्वारा हवन और महाआरती कर वाहिनी एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना बजरंगबली से की गई। पूरा वातावरण जय श्रीराम, जय बजरंगबली के नारों से गूंजता रहा। पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एएसपी अभियान खूंटी रमेश कुमार, उप कमांडेंट राणा प्रताप यादव, उप कमांडेंट संतोष कुमार, तोरपा के एसडीपी ओमप्रकाश तिवारी, सोदे कैंप के कंपनी कमांडर राजेंद्र भंडारी, डॉ विनय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, इंस्पेक्टर बिहारी लाल, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

मेदिनीनगर में पत्थर डस्ट लदे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा

जब्त ट्रैक्टर। ● द फोटोन न्यूज

मेदिनीनगर : जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने गुरुवार को प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत और थाना प्रभारी के साथ अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पाटन थाना के समीप पत्थर डस्ट का परिवहन करते दो ट्रैक्टरों को पकड़ा और पाटन थाना को सुपुर्द कर दिया। इन ट्रैक्टरों को दो सौ सीएफटी डस्ट के साथ जब्त किया गया। साथ ही संलिप्त व्यक्तियों को चेतावनी दी गई।

जेएसपी हनुमान मंदिर प्रांगण में भक्तिभाव से मनी भगवान हनुमान की जयंती

पूजा-अर्चना व अखंड-पाठ में शामिल प्लांट हेड व श्रद्धालु भक्तगण। ● द फोटोन न्यूज

भुरकुंडा (रामगढ़): भगवान हनुमान जी की जयंती के अवसर पर गुरूवार को जेएसपी पतरातु कैंपस में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम जेएसपी प्लांट हेड आरके अजमीरिया के मार्ग दर्शन मे जेएसपी पतरातु के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने पूरे भक्ति भाव के साथ भगवान हनुमान अभिषेक किया। इसके बाद हनुमान जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आरम्भ हुआ। इस दौरान रांची, श्याम मन्दिर हरमू के रत्नाकर शर्मा मण्डली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यकर्म का समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ। समारोह को सफल बनाने में संस्थान प्रमुख आरके अजमीरिया के दिशा निर्देश में संतोष कुमार, हर्ष प्रियदर्शी, राजीव रंजन, अरमेंद्र पाठक, डेकोरेशन कमेटी, भंडारा कमेटी, प्रसाद वितरण कमेटी सहित समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

शारीरिक फिटनेस व मानसिक मजबूती के लिए खेलकूद किसी वरदान से कम नहीं : संजय जैन

टेबल टेनिस में हिस्सा लेते खिलाड़ी। ● द फोटोन न्यूज

भुरकुंडा (रामगढ़) : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस डे मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चार हाउस की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। इससे पूर्व आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि माइका एजुकेशनल के निदेशक संजय जैन, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया व प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि संजय जैन ने प्रतिभागियों के हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल में अवश्य रुचि लेना चाहिए। खेलकूद हमारे शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि कोई भी खेल हमें अनुशासन में रहते हुए अपने लक्ष्य को पाने की भी प्रेरणा देता है। प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि टेबल टेनिस खेल को पूरी दुनिया में पॉपुलर बनाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है। हमारे क्षेत्र में कम जगहों पर ही इस खेल की सुविधा है। इसलिए स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों को टेबल टेनिस खेल की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। कोच ने खिलाड़ियों को को टेबल टेनिस की शुरूआत और इससे जुड़े नए नियमों की भी जानकारी दी

अदाणी फाउंडेशन ने 'हेल्थ फॉर ऑल' थीम के तहत गोड्डा के कई गांवों की बदली तस्वीर

दर्जन गांवों में कुएं और नलकूपों के साथ स्नानघर बने

संवाददाता, गोड्डा।

झारखंड में 2011 में हुई जनगणना के आंकड़ों ने वहां के ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाली की तस्वीर साफ कर दी। करीब 55 प्रतिशत ग्रामीण घरों में स्नानघर नहीं है। लोग खुले में नहाने को मजबूर हैं लेकिन गोड्डा के कुछ गांवों में स्नानघर, कुएं और आधुनिक चापाकल का सपना पूरा होता नजर आ रहा है।

अदाणी फाउंडेशन की मदद से डुमरिया, मोतिया, पटवा, बक्सरा, पेटवी, रंगनियां, बलियाकित्ता, बिरनियां आदि गांवों के अलावा महगामा प्रखंड के दो दर्जन गांवों में सड़क किनारे कुएं और नलकूपों के साथ चहारदीवारी से घिरे स्नानघर बने हैं। दरअसल, इन गांवों से अदाणी का गोड्डा पावर प्लांट सटा है, जिसके जरिए क्षेत्र में रोशनी के साथ विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा बनाया गया कुंआ। ● द फोटोन न्यूज

अदाणी फाउंडेशन ने गांव के हालात और महिलाओं की दशा को सुधारने के लिए साल 2016 से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत क्षेत्र में 150 से ज्यादा सार्वजनिक स्नानघर का निर्माण कराया है, जिससे लगभग 25 हजार की आबादी को लाभ मिल रहा है। साथ ही दो हजार से ज्यादा खराब पड़े नलकूपों की मरम्मत का काम भी हुआ है, जिससे 40 हजार से ज्यादा की आबादी को पीने कासाफ पानी उपलब्ध हुआ।

अदाणी फाउंडेशन ने स्वच्छता के संकल्प को पूरा करने के लिए नलकूपों के पास से गंदगी के निपटारे के लिए नालियों का निर्माण भी किया है। साथ ही एक हजार से ज्यादा नलकूपों के पास सोख्ता गड्ढे बनवाए हैं, जिससे जलस्तर भी संतुलित रहेगा। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन 75वां स्थापना दिवस बना रहा है और इसकी थीम है 'हेल्थ फॉर ऑल'। अदाणी फाउंडेशन भी इसी संकल्प के साथ समाज के पिछड़े गांवों और समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने में जुटा हुआ है।

गोड्डा के महागामा प्रखंड के करनू गांव की भोली कुमारी ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन के जरिए लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब लोगों को खुले में स्नान नहीं करना पड़ता है। इसी गांव की आशा कुमारी और रितू कुमारी भी अदाणी फाउंडेशन की इस जरूरी पहल से काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि पीने का स्वच्छ पानी मिलने से उनके परिवार के लोगों का संक्रमित बीमारियों से बचाव हो रहा है।

जनता के अंदर से डर निकालने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, रामगढ़।

रामगढ़ शहर में जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने गुरुवार को फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में 106 बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री कुमार रजनीकांत ने कहा कि जमशेदपुर के इस बटालियन ने रामगढ़ जिला और शहर में फ्लैग मार्च निकालकर अपना परिचय कराया है। यह एक अभ्यास के रूप में ही शामिल है।

जिले में 11 अप्रैल तक रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन मौजूद रहेगी। इस फोर्स का रामगढ़ में आने का मकसद सिर्फ यही है कि जनता के अंदर के भय को दूर किया जाए। जनता के साथ तालमेल बिठाकर शांति स्थापित की जाए। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, नेहरू रोड, सौदागर मोहल्ला, दुसाद मोहल्ला, गोलपार और उसके बाद थाना चौक तक यह फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च करते जवान। ● द फोटोन न्यूज

भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस आयोजित

औरंगाबाद। दाउदनगर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस सैकड़ों कार्यकताओं के साथ हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी का झंडातोलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बैठक की अध्यक्षता दाउदनगर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद वर्मा ने किया। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के सम्मानित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री मेहता ने कहा कि हमारी पार्टी सबका साथ सबका विश्वास और सब का प्रयास के सिद्धांत पर लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा की कार्यकर्ता पूर्व नहीं होते हमेशा वे वर्तमान की भूमिका में पार्टी का रीड एवं प्राण दोनों होते हैं। वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ अभिभावकों का मार्गदर्शन एवं परामर्श के साथ प्राची को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। श्री तिवारी ने कहा कि आप सभी सम्मानित कार्यकताओं के भरोसे ही हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आने वाला समय में हम सभी ऊजार्वान प्रयास से इस बार ओबरा विधानसभा में कमल खिलेगा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जितेंद्र साव, शमशेर नगर मंडल के मंडल उपाध्यक्ष राकेश शर्मा,ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा,दाऊद नगर मंडल महामंत्री शंभू मेहता,विकास कांसकार, नाथून प्रसाद कसेरा, बैजनाथ कश्यप, नागेंद्र कुमार राम, अनूप दुबे, मिथलेश कुशवाहा मौजूद थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किये जायेंगें

प्रधान न्यायाधीश न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय वाद

औरंगाबाद। सचिव के द्वारा यह भी बताया गया कि पिछले कई माह से परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश का पद रिक्त है उनके न्यायालय का वाद भी उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये जायेगें परन्तु परिवार न्यायालय में लम्बित तलाक के मामलो का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भरण-पोषण, दामपत्य जीवन पुर्नस्थापन वाद इत्यादि उक्त न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय मामलों के निस्तारण में न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के पद का रिक्त होना राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वाद का निस्तारण करने में कोई समस्या नहीं आयेगी।

कलवार जाति को अपना अलग कोड निर्गत करे बिहार सरकार : डॉ अरविन्द वर्मा

खगड़िया। बिहार में जाति की जनगणना होने वाली है। प्रायः हर जाति का अपना अपना कोड निर्गत किया गया है, पर कलवार जाति का अपना कोड नहीं है। आखिर क्यों ? बनिया कोई जाति नहीं फिर कोड क्यों निर्गत किया गया ? बनिया के कोड में कलवार जाति को रखा गया है। आखिर ऐसी विषमताएं क्यों ? बिहार में कलवार जाति के कितने लोग हैं कैसे पता चलेगा ? उक्त बातें, कलवार सेवक समाज के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरविन्द वर्मा ने मीडिया से एक साक्षातकार के दौरान कही। आगे डॉ वर्मा ने कहा बिहार में कलवार जाति के बड़े बड़े राजनीतिक नेता हैं, बावजूद कलवार जाति को अपना कोड नहीं मिलना दुर्भाग्य पूर्ण है। डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा बिहार में चर्चित व लोकप्रिय नेताओं में प्रमुख हैं सांसद रामा देवी, सांसद डॉ संजय जायसवाल, पूर्व उप मुख्य मंत्री व विधायक तार किशोर प्रसाद, विधान परिषद सदस्य डॉ दिलीप जायसवाल, विधायक पवन जायसवाल, विधायक विनोद जायसवाल, विधायक विजेन्द्र चौधरी, ऋतु जायसवाल, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी चौधरी तथा पूर्व विधायक बिभाष चौधरी चौधरी आदि। बिहार में कलवार जाति के आईएएस, आईपीएस ऑफिसरों में प्रमुख हैं सी के अनिल, अरुण कुमार, डॉ नवल किशोर चौधरी, राहुल कुमार, दीपक आनन्द तथा मनोज कुमार आदि। बावजूद इसके बिहार में कलवार जाति की उपेक्षा बिहार सरकार द्वारा की जा रही है, जो अति निन्दनीय है। कलवार सेवक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरविन्द वर्मा ने बिहार सरकार के महामहिम राज्यपाल, बिहार के मुख्य मंत्री तथा उप मुख्य मंत्री से मांग किया है की बिहार में हो रहे जाति जनगणना में कलवार जाति को अपना अलग कोड निर्गत किया जाय तभी जाति जनगणना की सार्थकता होगी।

भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति : नंदकिशोर

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ पीएम मोदी की जीरो टॉलरेंस नीति रही है। इसलिए मोदी सरकार में भ्रष्टाचारियों में छटपटाहट है। वे अपना ठीकरा कहीं और फोड़ रहे हैं। श्री यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोदी सरकार में भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में है, चाहे वे मंत्री हों या संतरी। मोदी सरकार में जांच एजेंसियों की पूरी स्वतंत्रता है, इसलिए एजेंसियां बुलंद हौसले से काम कर रहीं हैं। इसलिए एक-एक कर भ्रष्टाचारी जेल के भीतर जा रहे हैं। श्री यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय था, जब केंद्र सरकार में शामिल मंत्रियों पर रोज भ्रष्टाचार के नये- नये आरोप लगते थे। उस समय एक कहावत चल निकला था कि 'दाल में काला' नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।

बाबू जगजीवन राम का 115 वीं जयंती समता दिवस के रूप में मनाया गया

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में जगजीवन राम का 115 वीं जयंती मनाया गया। इस अवसर पर इनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर याद एवं कोटि कोटि नमन किया गया । देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि बाबू जगजीवन राम सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता सेनानी एवं शोषित दलित वंचित पिछड़ों गरीबों का मसीहा थे। उनका जन्म 5 अप्रैल 1908 को भोजपुर जिले के आरा के निकट चंदवा में हुआ था, वे 50 वर्षों तक सांसद रह कर वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किए। उनका निधान 6 जुलाई 1986 में हुआ था। इस अवसर पर देश बचाओ अभियान से जुड़े उमेश ठाकुर मधुबाला धर्मेंद्र कुमार सुनील कुमार कमल किशोर यादव राजकिशोर राम नरेश राम विनोद राम पांडव ठाकुर राम जी ठाकुर गौतम कुमार रोशन कुमार आदि ने श्रद्धांजलि दिया।

तेरह अभियुक्तों को पांच साल की सजा और जुमार्ना

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे तीन अमित कुमार सिंह ने दाउदनगर थाना कांड संख्या 253/21 में आज सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए सजा सुनाई है। एपीपी इरशाद आलम ने बताया कि भादंवि धारा 147 में एक साल की सजा और एक हजार जुमार्ना लगाया है। धारा 148 में दो साल की सजा और एक हजार जुमार्ना लगाया है। धारा 341 में एक माह सजा और पांच सौ जुमार्ना लगाया है। धारा 323 में एक साल की सजा एक हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी। धारा 324 में तीन साल की सजा एक हजार जुमार्ना एक हजार जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। वहीं धारा 325 में पांच साल की सजा, पांच हजार जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर नो माह अतिरिक्त कारावास होगी। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कुल 15 अभियुक्तों में से एक जुबेनाइल और एक फरार हो जाने के कारण तेरह अभियुक्तों को निर्णय पर 29 मार्च 2023 को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। प्राथमिकी 11 मई 2021 को मोती लाल सिंह चौरम दाउदनगर ने दर्ज कराया था, जिसमें कहा था कि जमीनी विवाद में मदन सिंह के खलिहान में भुसा ढो रहे राजु कुमार को पप्पू कुमार, युगल कुमार, अरबिद सिंह, अरूण सिंह, सुभाष सिंह, बिरेन्द्र सिंह,सुधीर सिंह, रंणधिर सिंह, गुड्डू कुमार, दीपक कुमार, बच्चु कुमार,सुधीर कुमार चौरम दाउदनगर ने घातक हथियार से मारकर घायल कर दिया था। घटना के दो साल में सुनवाई पूरी कर सजा सुना कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

गुजरात से बक्सर पहुंचा 500 टन वजनी टरबाइन

बक्सर में 1320 मेगावाट थर्मल पावर का निर्माण किया जा रहा है। 660 मेगावाट के दो यूनिट लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर 500 टन का टरबाइन जेनरेटर जल मार्ग के रास्ते बक्सर के मिश्रवलिया घाट पहुंच चुका है। इसे तीन महीने पहले गुजरात के पोरबंदर से बक्सर के लिए रवाना किया गया था। जो गुजरात से समुंद्र के रास्ते कोलकाता पहुंचा, वहां से गंगा नदी के रास्ते बक्सर पहुंचा है। यह थर्मल पावर का दूसरा टरबाइन है। पहला टरबाइन जुलाई में ही पहुंच गया था। जानकारी के मुताबिक फरवरी 2024 में दोनों यूनिट बनकर तैयार हो जाएगा। जिसको लेकर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार टरबाइन जेनरेटर लदी जहाज विगत तीन माह पहले छ&ळ के हजीरा प्लांट, गुजरात से परियोजना स्थल बक्सर के लिए चली थी , इसकी जिम्मेदारी महाराष्ट्र के प्रिज्म कम्पनी को दी गई थी। जहाज गुजरात से समुंद्र के रास्ते कलकत्ता पहुंचा उसके बाद वहां से गंगा नदी के रास्ते बक्सर के मिश्रवलिया गंगा तट पहुंच चुका है। अब गंगा घाट से इसे विधुत परियोजना स्थल तक पांच किलोमीटर सड़क के रास्ते ले जाने की तैयारी चल रही है। गंगा तट से परियोजना स्थल तक पहुंचाने वाले फ्छ कन्स्ट्रक्शन के आरिक राजा ने बताया कि 500 टन के वजन वाले टरबाइन को 128 पहिये के हाइड्रोलिक ट्रक पर लोड किया जा चुका है। इसे ले जाने के लिए दो बड़े इंजन वाले ट्रक को जोड़ा जाएगा। हालांकि, इसे परियोजना स्थल तक ले जाने में चार-पांच दिन लगेंगे। मुख्य मार्ग में आने वाले रुकावटों को भी दूर किया जाएगा। रळढछ के उक्ळ मनोज कुमार ने बताया कि परियोजना निर्माण के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे परियोजना निर्माण के लक्ष्य को सही वक्त पर हासिल किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि उक्त उपकरण को बक्सर थर्मल पावर के अनुसार डिजाइन एवं निर्माण किया गया है। टरबाइन का वजन लगभग 500 टन है।

16 को मांझी आवास पर दावते इफ्तार

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के द्वारा हम पार्टी के संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के आवास पर 16 अप्रैल को दावते इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने बताया कि 16 अप्रैल को हम पार्टी की ओर से होने वाली दावते इफ्तार में पार्टी के संस्थापक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ० संतोष कुमार सुमन के निर्देश पर यह कार्यक्रम तय किया गया है । दावते इफ्तार में सभी दलों के नेताओं को भी हम पार्टी के द्वारा आयोजित दावते इफ्तार में आमंत्रण भेजा जा रहा है।

अपने वाद को समाप्त करने का अच्छा तरीका है प्ली बारगेनिंग

विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद
प्ली बार्गेनिंग विषय पर
-जागरूकता कार्यक्रम

औरंगाबाद। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के द्वारा मंडल कारा औरंगाबाद में कैदियों के बीच विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कैदियों को प्ली बारगेनिंग विषय पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई । कार्यक्रम में कारा भ्रमण अधिवक्ता श्री गजेंद्र कुमार पाठक एवं श्रीमती निवेदिता कुमारी के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रिटेनर अभिनंदन कुमार ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में कैदियों को बताया गया कि वे अपने वादों को प्ली बारगेनिंग के माध्यम से समाप्त करा सकते हैं। अगर उनका वाद प्ली बारगेनिंग के अंतर्गत आता है तो बेहद ही सुलभ रुप से अपने वाद को सजा कम कम करा कर समाप्त करा सकते हैं। वाद अगर प्ली बारगेनिंग के अंतर्गत आने वाले अपराध की श्रेणी में हैं तो आप प्ली बारगेनिंग के जरिए उक्त धारा में वर्णित सजा को बेहद कम करा कर न सिर्फ जेल से मुक्ति पा सकते हैं बल्कि अपने वाद को समाप्त करा सकते हैं। बन्दियों को यह भी बताया गया की वह प्ली बारगेनिंग का लाभ सिर्फ एक बार ही ले सकते हैं कार्यक्रम में जेल प्रशासन की संपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित थे।

लपरवाही से गाड़ी चलानेवाला दोषी ठहराया गया

औरंगाबाद। अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्रा ने टंडवा थाना कांड संख्या 51/11 मे निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त गाड़ी डाईबर मो जफर को भादंवि धारा 279 और 304 ए में दोषी पाया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि परिवीक्षा एक्ट की धारा 03 का लाभ देते हुए डांट फटकार कर, आइंदा लपरवाही से गाड़ी न चलाने के आश्वासन लेकर छोड़ दिया गया है।

बिहार में 2025 में बनेगी जन सुराज की सरकार : धनंजय

पटना। जन सुराज ने बिहार में अपना राजनैतिक खाता खोल दिया है। सारे समीकरणों को ध्वस्त करते हुए जन सुराज समर्थित उम्मीदवार अफाक अहमद सारण शिक्षक विधान परिषद क्षेत्र से विजयी हुए हैं। जन सुराज अभियान के वरिष्ठ सदस्य धनंजय कुमार सिन्हा बताते हैं कि पिछले साल 2 अक्टूबर 2022 को जन सुराज पदयात्रा शुरू होने के बाद बिहार में जो पहला चुनाव उन लोगों के सामने आया, वह यही शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र का विधान परिषद चुनाव है। धनंजय के अनुसार जन सुराज और इसके सूत्रधार प्रशांत किशोर के टारगेट में यह चुनाव कहीं था ही नहीं। जन सुराज अभियान के संदर्भ में प्रशांत शुरू से ही कह रहे हैं कि उनका टारगेट 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव है। पर इस विधान परिषद चुनाव का समय जैसे-जैसे करीब आता गया, समर्थकों ने प्रशांत पर चुनाव में भागीदारी के लिए दवाब बनाना शुरू किया। पार्टी बनी नहीं, फिर भी अंततः समर्थकों को सफलता मिली और प्रशांत ने सारण एवं गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों को समर्थन देने पर सहमति दी। उन्होंने बताया कि चुनाव से पूर्व और चुनाव के बाद परिणाम आने तक किसी भी मीडिया ने ऐसा कोई न्यूज नहीं चलाया जिसमें कहा गया हो कि जन सुराज समर्थित उम्मीदवार कहीं किसी टक्कर में है। अंत-अंत तक मीडिया यही कहती रही कि मीडिया सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में जमीनी हकीकत का सही आकलन नहीं कर सकी।

जमुई में जनशताब्दी एक्सप्रेस की चक्के में लगी आग

PATNA-RANCHI
PATNA-HOWRAH
जनशताब्दी एक्सप्रेस
JANSHATABDI EXPRESS

जमुई में गुरुवार सुबह जनशताब्दी एक्सप्रेस के एक बोगी के चक्के में आग लग गई। ट्रेन 12024 डाउन हावड़ा जा रही थी। भलुई -जमुई रेलवे स्टेशन के बीच पड़ने वाली कुंदर हॉल्ट के पास सुबह 8 बजे बोगी नंबर 226404/23 ऊ6 के चक्के में आग लग गई । हालांकि आग लगने से जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। ट्रेन के गार्ड ने बताया कि ब्रेक बाइंडिंग के कारण ये आग लगी थी। आग लगने के बाद करीब 23 मिनट कुंदर हॉल्ट पर ट्रेन खड़ी रही। घटना 399/24 पोल संख्या के पास घटी है। इसके बाद तकनीकी टीम को बुलाया गया और ट्रेन को रवाना किया गया। इस मामले की जानकारी देते हुए जमुई स्टेशन मास्टर नीतीश कुमार ने बताया कि 'ब्रेक बाइंडिंग एक तकनीकी समस्या है।जिसमें ब्रेक जाम हो जाता है, जिससे घर्षण, आग और धुआं पैदा होता है। उन्होंने बताया कि इस घटना से कोई क्षति नहीं हुई है। ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया है। वहीं जनशताब्दी एक्सप्रेस के गार्ड ने बताया की ब्रेक बैंडिंग के कारण धुआं उठा था। इस घटना में कोई नुकसान नहीं हुए है।

मुजफ्फरपुर में बस में गिरकर महिला की मौत

मुजफ्फरपुर में एक महिला की बस में मौत हो गई। घटना गुरुवार की सुबह औराई थाना के औराई चौक की है। महिला पीछे की सीट पर बैठी थी। आगे की सीट खाली होने पर वह आगे की ओर दौड़ी। लेकिन बीच में खंभे से टकरा गई। इससे उसका सिर फट गया। बस की फर्श पर ही तड़प-तड़प कर उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति बन गई। बस के भीतर मौजूद लोग बाहर निकले। अचानक से सभी को बस से तेजी से निकलते देख स्थानीय लोग की भीड़ मौके पर जुट गई। महिला के सिर से तेज मात्रा में खून निकल रहा था। बस के फर्श पर भी खून पसरा था। लोगों ने मामले की सूचना औराई थाने की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची औराई पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। महिला ने काले रंग का शूट पहन रखा था। हालांकि, उसके पास किसी भी तरह का पहचान पत्र नहीं मिला। इसकी वजह से उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, कटरा के डुमरी से मुजफ्फरपुर के लिए बस निकली थी। उसी बस में महिला डुमरी में बैठी थी। बस में भीड़ अत्यधिक थी। वह पीछे की तरफ बैठी थी। औराई चौक पर बस पहुंची। कई यात्री बस से उतरने लगे। यात्री के उतरने पर बस की आगे की सीट खाली हुई। महिला आगे की सीट पर बैठने के लिए तेजी से उठी। लेकिन, भिड़ होने पर वह अनियंत्रित हो गई। जिसमे वह बस के भीतर ही बने एक खंबे से टकरा गई। वह फर्श पर गिर गई। उसके सिर से खून निकलने लगा। थोड़ी ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। मामले में औराई थानेदार रूपक कुमार का कहना है की कटरा इलाके की रहने वाली महिला बताई जा रही है। उसकी पहचान के लिए कटरा थाना से संपर्क किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए SKMCH भेजा जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भक्त व सेवक हों तो वीर हनुमान जी की तरह : भाई सनोज यादव

पटना। मानस नया पानापुर (अकिलपुर) दानापुर में हुआ चौबीसों घंटे अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। इसके पूणार्हुति के बाद प्रसाद भोज हुआ। इस अवसर पर बिहार भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने हनुमान जयंती पर बताया कि सेवक व भक्त हनुमान जी की तरह होना चाहिए। निस्वार्थ निरंतर श्रीराम जी के सेवा ततपर रहे और आज भी कोई इन्हें सच्चे मन से भक्ति करे तो सारे कष्ट का निवारण हो जाता है। हनुमान जी पर श्री राम के अलावे माता जानकी का भी आशीर्वाद प्राप्त है। दानापुर के दियारा क्षेत्र में आज भी लोग धर्म के प्रति असीम श्रद्धा रखते हैं। अखंड गाने वाले पश्चिम चंपारण के बेहतरीन गायक कलाकार महिला व पुरूष अपने टीम के साथ आये थे और ' हरे कृष्ण, हरे राम, राम राम हरे !" धुन पर लोगों को आत्मविभोर कर दिया। आयोजक सुरेश सिंह उर्फ श्रवण सिंह थे इन्होंने प्रदेश भाजपा नेता एवं दानापुर के वरिष्ठ नेता भाई सनोज यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

ट्रंप की गिरफ्तारी

अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरफ्तारी की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है, तो कोई आश्चर्य नहीं। अमेरिका में किसी राष्ट्रपति या पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का यह विरल मामला है। इससे पहले वहां ऐसी गिरफ्तारी सन 1872 में राष्ट्रपति यू एस ग्रांट की हुई थी। वाशिंगटन में दो घोड़ों वाला रथ तेज दौड़ाने के लिए हुई वह गिरफ्तारी आज के लिए बहुत सामान्य बात है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को जिस आरोप में गिरफ्तार किया गया, वह सनसनीखेज ही नहीं, बल्कि शर्मनाक भी है। यह एक प्रमाण है कि लोकतंत्र की शान रहे अमेरिका में उच्चस्तरीय राजनीति में नैतिकता का किस कदर क्षरण हुआ है। आरोप है कि ट्रंप ने साल 2016 में राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान एक यौनकर्मी को चुप रहने के लिए पैसे का भुगतान किया था। यह हर लिहाज से दुखद है कि राष्ट्रपति बनने के लिए या अपने स्याह अतीत को छिपाने के लिए उन्होंने भारी खर्च किया। ट्रंप ने अदालत में पेश होकर खुद को निर्दोष बताया है, लेकिन इस मामले में उन्हें अधिकतम चार साल की सजा हो सकती है। अगर सजा होती है, तो यह प्रकरण अमेरिकी इतिहास का एक सबसे शर्मनाक अध्याय बन जाएगा। यह विडंबना है कि ट्रंप उस यौनकर्मी के साथ मुलाकात से इनकार करते हैं, पर भुगतान को स्वीकार करते हैं। गिरफ्तारी के ठीक पहले ट्रंप ने कहा, ह्यये लोग मुझे गिरफ्तार करने जा रहे हैं। विश्वास नहीं होता कि यह सब अमेरिका में हो रहा हैह्न। वास्तव में, विश्वास तो उनके उन समर्थकों का टूटा है, जिन्होंने उन पर भरोसा किया था। विश्वास तो उस देश का आहत हुआ है, जिसने आज तक ऐसा राष्ट्रपति या पूर्व राष्ट्रपति नहीं देखा, जो 30 से ज्यादा आरोप लगभग निर्ल्लजता के साथ झेल रहा है, जिनमें से ज्यादातर अपराध या धोखाधड़ी से जुड़े हैं। एक या दो आरोप पर भले आज बहस हो सकती है, लेकिन जिस पर 30 से ज्यादा आरोप हैं, उसके साथ अमेरिकी जनता को भला क्यों सहानुभूति हो? ट्रंप के खिलाफ दो बार महाभियोग की प्रक्रिया चली, लेकिन उनकी रिपब्लिकन पार्टी अपने संख्या बल के जोर पर उन्हें बचाती रही। क्या ट्रंप को मिल रहा राजनीतिक समर्थन बदले हुए अमेरिका का संकेत है? कहां गया वह अमेरिका, जो राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के खिलाफ खड़ा हो गया था और साफ बोल दिया था कि इस देश में झूठ बोलने वाला राष्ट्रपति नहीं चलेगा। एक झूठ निक्सन को ले डूबा था, लेकिन यहां तो डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ झूठ बोलने के सिलसिलेवार आरोप हैं। कहना न होगा, निक्सन और ट्रंप की मिट्टी में फर्क है। अमेरिकी जनता को अगर निक्सन वाली मिट्टी का राष्ट्रपति चाहिए, तो उसे ऐसे नेताओं के प्रति सावधान रहना होगा, जो धन के जोर पर अपनी छवि चमकाने या असली छवि को छिपाने की हिमाकत करते हैं। आज राजनीति की दुनिया में धन की महिमा बहुत बढ़ गई है, लेकिन धन ऊंचे पदों पर पहुंचने का पासपोर्ट न बने, तो ही लोकतंत्र की रक्षा हो सकती है। डोनाल्ड ट्रंप ने अगर अमेरिकी कानूनों के तहत गंभीर अपराध किए हैं, तो उन्हें सजा जरूर मिले। यह अमेरिका के लिए तात्कालिक रूप से कुछ दुखद होगा, पर राजनीति में सुखद बदलावों को स्थायी रूप से प्रेरणा मिलेगी।

सहयोग का तकाजा

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और भूटान के बीच सदियों से मधुर संबंध रहे हैं और अच्छे पड़ोसी होने के नाते दोनों देशों में कई स्तर पर आपसी सहयोग पर आधारित तालमेल लंबे समय से कायम रहा है। लेकिन नई परिस्थितियों में दुनिया भर में बदलते समीकरण के दौर में ऐसे रिश्तों को मजबूती देने के लिए नए कार्यक्रमों पर जोर देना, उसमें स्पष्टता लाना समय की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखें तो मंगलवार को नई दिल्ली में भूटान के राजा और भारत के प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान आपसी संबंधों को दृढ़ करने को लेकर जिस तरह नीतिगत स्तर पर बातचीत आगे बढ़ी, वह एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। खासतौर पर दोनों देशों के बीच सुरक्षा के मुद्दे पर तालमेल बढ़ाने पर जो सहमति बनी और पहले से ही घनिष्ठ संबंधों को विस्तार देने के मकसद से पांच सूत्रों पर आधारित रूपरेखा तैयार की गई, वह निश्चित रूप से भारत और भूटान के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। यों भी भारत में भूटान को लेकर अतीत में कभी कोई द्वंद्व नहीं रहा है। यह भारत का हमेशा ही करीबी सहयोगी रहा है। बल्कि पिछले कुछ सालों में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर दोनों देशों के बीच काफी प्रगति हुई है। दरअसल, भारत में मौजूदा सरकार ने पड़ोसी प्रथम की नीति की तरजीह दिया है। इसी के तहत भारत एक परस्पर सहयोगी पड़ोसी और नजदीकी मित्र के रूप में भूटान को महत्त्व देता रहा है। औपचारिक सद्भावनाओं और कार्यक्रमों के जरिए संबंधों में मजबूती को पुष्टि मिलती है। मगर भारत ने अपनी ओर से नीतिगत स्तर पर परस्पर सहयोग आधारित नीति ही अपनाई है, जिसमें एक दूसरे की गरिमा को कायम रखना एक अहम पक्ष होता है। भूटान नरेश के ताजा दौरे में भी भारत के साथ विविध क्षेत्रों में सहयोग को और व्यापक बनाने के मकसद से जो खाका तैयार किया गया, उसमें मुख्य रूप से पांच सूत्रों पर जोर दिया गया। इसमें अर्थव्यवस्था और विकास में साझेदारी के साथ-साथ भारत भूटान में व्यापार, संपर्क और निवेश के तहत बुनियादी ढांचा, रेल, हवाई संपर्क और अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित करने में सहयोग करेगा। इसके अलावा, दीर्घकालिक और सतत व्यापार सुविधा के उपाय और ऊर्जा सहित अभिनव क्षेत्रों में सहयोग के रास्ते तलाशे जाएंगे। जाहिर है, भूटान नरेश की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच पहले से कायम मित्रवत संबंधों को ताजगी देने और उसमें मजबूती लाने की कवायद है।

सोशल मीडिया से...

सच के हक में...

अपूरणीय क्षति!
हमारे टाइगर जगरनाथ दा नहीं रहे!
आज झारखण्ड ने अपना एक महान आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया। चेन्नई में इलाज के दौरान आदरणीय जगरनाथ महतो जी का निधन हो गया।
परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)

झारखंड सरकार के मंत्री श्री जगरनाथ महतो जी के चेन्नई के अस्पताल में निधन की बेहद दु:खद सूचना मिली है। लंबे समय से बीमारी को हराते हुए योद्धा की भांति डंटे रहने वाले जगरनाथ जी का चले जाना पूरे झारखंड के लिए अत्यंत दुखदायी है। राजनैतिक भिन्नताओं के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनकी जीवटता का मैं सदैव प्रशंसक रहा हूं। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।
भावभीनी श्रद्धांजलि ??
ॐ शांति ॐ शांति।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)

भारत में कैसे कम हो पाएंगे सड़क हादसे

विश्लेषण

रमेश सर्राफ धमोरा

देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जिंदगी बचाई गई। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएगा। जिसके लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है और ग्रीन एक्सप्रेसवे और रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतमाला 2 के लिए जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है और इसके बाद यह देश में एक मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। गडकरी ने कहा मुझे विश्वास है कि भारत के राजमार्ग 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएंगे। भारत की लंबाई और चौड़ाई में हरित एक्सप्रेसवे के नेटवर्क सहित एक मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है।

आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो और उनमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देशभर में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए थे।

देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गए। मौतों में 16.8% बढ़ोतरी हुई है। 2020 में 1,33,201 और 2021 में 1,55,622 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गवाई है। साथ ही 2021 में प्रति हजार वाहनों की मौत दर 2020 में 0.45 से बढ़कर 2021 में 0.53 हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुई हैं।

देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जिंदगी बचाई गई। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएगा। जिसके लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है और ग्रीन एक्सप्रेसवे और रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतमाला 2 के लिए जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है और इसके बाद यह देश में एक मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। गडकरी ने कहा मुझे विश्वास है कि भारत के राजमार्ग 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएंगे। भारत की लंबाई और चौड़ाई में हरित एक्सप्रेसवे के नेटवर्क सहित एक मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है। गडकरी ने उम्मीद जताई कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

गडकरी का कहना है कि जानलेवा सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये और दुर्घटना वाली जगहों को दुरुस्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों पर बल्कि राज्य राज मार्गों पर भी हादसों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं । जिलों में सड़क सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिये। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसदों को करनी चाहिये और जिलाधिकारियों को इनका सचिव बनाया जाना चाहिये। यह समिति जिला स्तर पर दुर्घटना के सभी पहलुओं को देखे।

सरकार सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए नीतिगत सुधारों और सुरक्षित प्रणालियों को अपनाया जा रहा है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। गडकरी के अनुसार सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और इसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

सड़कों पर बने मोड़ों जैसे टी जंक्शन और टी वाई पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती है। देश भर में हुए कुल हादसों में से 37 फीसदी हादसे उन्हीं चौराहों और मोड़ों पर होते हैं। उनमें से तकरीबन 60 फीसदी हादसे टी और टी वाई जंक्शन पर रिकॉर्ड किए गए। इनकी सबसे बड़ी वजह ड्राइवरों की गलती रहती है। स्पीड सीमा को पार करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरटेकिंग और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना कुछ ऐसी गलतियां हैं। जिनसे बड़ी संख्या में सड़क हादसे हो रहे हैं। कुल सड़क हादसों में से 84 फीसदी हादसों के पीछे ड्राइवरों की गलती होती है।

शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से नगरीय बस सेवाओं के भरोसे है। जिनमें ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि शहरों की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हमें इस समय सड़कों पर चल रही बसों के मुकाबले कई गुना अधिक बसों की जरूरत है। सड़क हादसों के कारण अक्सर परिवारों की आमदनी के स्रोत को नुकसान होता है व उनकी रोजी रोजगार छिन जाता है। संबंधित परिवार को आर्थिक दिक्कतें होती हैं। जो लोग सड़क दुर्घटनाओं में बच भी जाते हैं उनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है। हालांकि 2019 का मोटर व्हीकल एक्ट सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को बीमा के जरिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराता है। लेकिन इस कानून से सड़क हादसों के शिकार लोगों को होने वाली मानसिक क्षति की भरपाई नहीं होती। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के मुताबिक भारत में सड़क हादसों में सालाना करीब 20 अरब डॉलर का नुकसान होता है।

देश की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाहनों की सुरक्षा के मानकों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। स्कूलों में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान चलाए जाए। भारी वाहन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को परमिट दिए जाने की प्रक्रिया में कड़ाई बरती जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए योग्यता भी तय की जाए। साथ ही छोटे बच्चे और किशोरों के वाहन चलाने पर कड़ाई से रोक लगे। तेज रफ्तार, सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग न करने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। तभी देश में सडकों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग पायेगी।

(लेखक हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

डिजिटलीकरण: भारतीय अर्थव्यवस्था का अनूठा प्रेरक

एक अर्थव्यवस्था की लगभग हर गतिविधि की बुनियाद तैयार करने वाली एक राह के रूप में डिजिटलीकरण की अनिवार्य जरूरत को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। इंटरनेट का बढ़ता प्रसार, किफायती डेटा, तकनीकी नवाचार और इन सबसे बढ़कर, डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का जोर सेवाओं की त्वरित आपूर्ति, बेहतर पहुंच और जवाबदेही में सुधार सुनिश्चित कर रहा है।

डिजिटल बदलावों का असर

वर्ष 2014-2019 की अवधि के दौरान, भारत की मुख्य डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी सकल मूल्य संवर्धन के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.4 गुना तेजी से बढ़ी। हाल ही में प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन के अनुसार, 2019 में कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल आधारित अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत थी। सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है, जो अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है। सेवाओं के अधिक किफायती एवं त्वरित समावेशन को सुविधाजनक बनाता है। अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी प्रणालियों का विकास सुनिश्चित करके उपयोगकर्ता का भरोसा बढ़ाता है। पहुंच, सामर्थ्य, कनेक्टिविटी और समावेशिता में सुधार लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख घटक माना जाने वाला ह्यआधारह्न अपनी अनूठी विशिष्टता की वजह से इस देश के डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इन योजनाओं का लाभ आधार का उपयोग करके हासिल किया जाता है। आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोड़ने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।

डिजिटल सुविधाओं का प्रसार

देश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्टफोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसमें 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंटरनेट के दायरे में शामिल होने वाले इन सभी गांवों को कम से कम 4जी मोबाइल सेवाओं से लैस किया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच के डिजिटल सुविधाओं के मामले में अंतर में और कमी आएगी। कम लागत वाले फीचर मोबाइल फोन को क्षमता की दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाने के प्रयास भी चल रहे हैं। इस प्रकार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाना संभव हो पाएगा। हाल ही में शुरू की गई डिजिटल इंडिया भाषिणी परियोजना क्षेत्रीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने का प्रयास करती है। इस परियोजना में आवाज-आधारित पहुंच की सुविधा भी शामिल है। यह परियोजना भाषाओं की विविधता का ध्यान रखती है और इसका उद्देश्य उस भाषा में समाधान प्रदान करना है जिसमें लोग सहजता से जुड़ सकें।

औपचारिकीकरण को प्रेरित करने वाला डिजिटल समावेशन

डिजिटलीकरण अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय समावेशन, व्यापक औपचारिकीकरण, उन्नत दक्षता और बेहतर अवसरों के जरिए आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रयास में सहायक भूमिका निभाने वाले कुछ सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में आधार, यूपीआई, को-विन, डिजिलॉकर, दीक्षा आदि शामिल हैं। पैमाने के संदर्भ में अगर बात करें तो, देश की 94.5 प्रतिशत से अधिक आबादी के पास अब आधार उपलब्ध है और हर महीने 2.2 बिलियन से अधिक आधार संबंधित प्रमाणीकरण हो रहे हैं। इसी प्रकार, पिछले पांच वर्षों की अवधि में 75 गुना वृद्धि के साथ 5.5 बिलियन यूपीआई-आधारित भुगतान संबंधी लेनदेन हर महीने किए जाते हैं। कुल 1.1 अरब कोविन पंजीकरण हुए हैं। कुल 140 मिलियन लोगों ने डिजीलॉकर में अपने अकाउंट बनाए हैं और डिजिलॉकर रिपॉजिटरी में 5.6 बिलियन आधिकारिक डिजिटल दस्तावेज उपलब्ध हैं। ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 286.5 मिलियन श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। पीएम-स्वनिधि पर 4.4 मिलियन स्ट्रीट वेंडर और उद्यम पोर्टल पर 12.7 मिलियन उद्यमों का पंजीकरण हुआ है। वर्ष 2017 से 2022 के दौरान जीएसटी भुगतान करने वालों की संख्या 7 मिलियन से बढ़कर 14 मिलियन हो गई है।

गुड फ्राइडे: यीशु के बलिदान को याद करने का दिन

हे ईश्वर! इन्हें क्षमा करें, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। यह प्रार्थना थी यीशु (ईसा मसीह) की उन हत्यारों के लिए, जिन्होंने भयावह अमानवीय यातनाएं देते हुए उनके प्राण ले लिए। यीशु के सिर पर कांटों का ताज रखा गया, उन्हें सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने को विवश किया गया और गोल गोथा नामक स्थान पर ले जाकर दो अन्य अपराधियों के साथ बेरहमी से कीलों से ठोकते हुए क्रॉस पर लटका दिया गया। यीशु ने उत्पीड़न और यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए और दया-क्षमा का अपना संदेश अमर कर दिया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सूली पर प्राण त्यागने से पहले यीशु ने कहा था, हे ईश्वर! मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं। यीशु ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान, उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले यीशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 7 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और यीशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयायी समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढक दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को राख का बुधवार कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि यीशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई। इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह परिवर्तन के पक्षधर थे और उन्होंने मानव प्रेम की सीमा नहीं बांधी बल्कि अपने बलिदान से उसे आत्मकेन्द्रित एवं स्वार्थ से परे बताया।

खुशी की हिंसा

अपनी खुशी का जश्न क्या इस हद तक बेलगाम हो सकता है कि इसमें डूब कर किसी दूसरे के घर को दुख और मातम से भर दिया जाए? किसी व्यक्ति या परिवार का अपनी खुशी को उत्सव की तरह प्रदर्शित करना गलत नहीं है, लेकिन इस क्रम में उसे दूसरों की शांति और जिंदगी को बाधित करने का हक नहीं है। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सिरसपुर इलाके में एक महिला ने पड़ोस में तेज आवाज में बज रहे संगीत को सिर्फ रोकने की बात कही, मगर इसके जवाब में उस पर पिस्तौल से गोली चला कर जानलेवा हमला किया गया। वह मौत से जूझ रही है और इसी वजह से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। इस तरह की यह अकेली घटना नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनके मुताबिक किसी मौके पर बेलगाम और तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर अगर किसी ने विरोध जताया तो उसकी आपत्ति पर गौर करने के बजाय उल्टे उस पर हमला कर दिया जाता है। कुछ ही दिन पहले झारखंड में एक धार्मिक शोभायात्रा के दौरान तेज आवाज में संगीत बजाने से पुलिस ने रोका तो जुलूस में शामिल लोगों ने पुलिसकर्मियों पर ही हमला कर दिया। यह समझना मुश्किल है कि कभी पर्व-त्योहार या फिर किसी पारिवारिक समारोह के मौके पर आयोजित समारोह में कुछ लोग बेहिसाब तेज शोर और संगीत को ही खुशी को अभिव्यक्त करने का मुख्य जरिया क्यों मान लेते हैं! अगर कोई ऐसा मानता भी है तो उसे यह सोचना जरूरी क्यों नहीं लगता कि उसकी वजह से आसपास का वातावरण कई स्तर पर बाधित हो सकता है, इससे बाकी लोगों को सह सकने से ज्यादा परेशानी हो सकती है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट सन 2005 में ही ध्वनि प्रदूषण पर रोक के मामले में अपने एक फैसले में कह चुका है कि जबरदस्ती ऊंची आवाज यानी तेज शोर सुनने को मजबूर करना किसी के मौलिक अधिकार का हनन है।

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

आईपीएल : मार्कराम की वापसी से उत्साहित सनराइजर्स आज सुपर जाइंट्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी

लखनऊ (एजेंसी)। आईपीएल में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में अपने नियमित कप्तान एडन मार्कराम की वापसी के साथ ही अपने दो प्रमुख खिलाड़ियों मार्को जॉनसेन और हेनरिक क्लासेन के टीम से जुड़ने के कारण सनराइजर्स बढ़े हए मनोबल से उतरेगी। पहले मैच में उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में मार्कराम के अलावा जॉनसेन और क्लासेन भी नहीं शामिल थे और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टीम की कप्तानी की थी।

सनराइजर्स के नये कप्तान मार्कराम भी इस मैच में जीत के साथ ही अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करना चाहेंगे। पहले मैचम में टीम की हार का कारण खराब बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी रहा था। विरोधी टीम राजस्थान रॉयल्स ने मैच में पावर प्ले में ही एक विकेट पर 85 रन बना दिए थे और फिर पांच विकेट पर 203 रन बनाये थे। इस दौरान सनराइजर्स को कोई भी गेंदबाज प्रभावी नहीं रहा। इसके बाद पावर प्ले में भी टीम रन नहीं बना पायी।

कोच ब्रायन लारा की सनराइजर्स को पावरप्ले में भी तेजी से रन बटोरने होंगे। मार्कराम के आने से उसकी बल्लेबाजी अच्छी हुई है। वहीं जॉनसेन के आने से गेंदबाजी बेहतर होगी। राजस्थान के खिलाफ केवल टी नटराजन ही कुछ हद तक बल्लेबाजों पर अंकुश लगा पाये थे। वहीं फजलहक फारुकी ने दो विकेट लिए। भुवनेश्वर अनुभवी होने के बाद भी अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। उमरान मलिक भी महंगे रहे। स्पिनर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर और आदिल राशिद भी विफल रहे।

इस मैच में सनराइजर्स को जीत के लिए विरोध बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के साथ अच्छी बल्लेबाजी कर रन बनाने होंगे। बल्लेबाजी में पहले मैच में मयंक अग्रवाल के अलावा दो अन्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी शीर्ष क्रम में रन नहीं बना पाये थे। इसे में कप्तान मार्कराम पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की बात करें तो उसके कप्तान लोकेश राहुल अभी तक लय में नहीं हैं। जिससे टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल पा रही है। अब तक केवल काइल मायर्स ने ही आक्रामक बल्लेबाजी कर रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाजों में तेज गेंदबाज मार्क वुड और स्पिनर रवि बिश्नोई ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वुड और बिश्नोई पर ये जिम्मेदारी रहेगी कि वे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर न बनाने दें।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

सनराइजर्स हैदराबाद: एडन मार्कराम (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हैरी ब्रूक, मयंक डागर, फजलहक फारूकी, अकील होसेन, कार्तिक त्यागी, हेनरिक क्लासेन, मयंक मारकंडे, टी नटराजन, नीतीश कुमार रेड्डी, ग्लेन फिलिप्स, आदिल राशिद, संवीर सिंह, राहुल त्रिपाठी, उमरान मलिक, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, मार्को जॉनसेन।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

चार्ल्सटन ओपन : शीर्ष वरीय पेगुला और पूर्व चैंपियन कीजटूर्नामेंट के अगले दौर में

चार्ल्सटन (एजेंसी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पूर्व चैंपियन मैडिसन कीज ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में आसान जीत दर्ज की। विश्व में तीसरे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने 65 मिनट तक चले मैच में रूस की एना ब्लिंकोवा को 6-2 6-0 से हराया। अमेरिका की ही एक अन्य खिलाड़ी और यहां 2019 में खिताब जीतने वाली कीज ने भी हमवतन हैली बैप्टिस्ट को 6-1 6-2 से आसानी से हराया।

अन्य मैचों में रूस की डारिया कसात्किना ने अमेरिका की मैडिसन ब्रेंगल को 6-2 6-1 से, रूस की सातवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने हमवतन यूलिया पुतिनसेवा को 6-1 6-3 से, स्पेन की 12वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 7-5, 7-6 (6) से और रोमानिया की 15वीं वरीयता प्राप्त इरीना कैमेलिया बेगू ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-1, 6-4 से पराजित किया।

धोनी क्रिकेट इतिहास के एक महान कप्तान : राशिद लतीफ

लाहौर (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 41 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। इस दौरान धोनी की फिटनेस को देखकर कोई भी ये नहीं कह सकता है कि कहीं से भी यूवाओं से पीछे हैं। धोनी को अब तक हुए मैचों में ज्यादा बल्लेबाजी का अवसर नहीं मिला पर जितनी भी गेंदें उन्होंने खेली उसमें उन्होंने आक्रामक अंदाज दिखाया। जो 10 गेंदे उन्होंने खेली उसमें जमकर शॉट खेले। शुरुआती दो मैचों में ही धोनी ने आईपीएल में अपने 5000 रन भी पूरे किये हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उन्होंने दो छक्के लगाकर अपनी ताकत दिखायी है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने भी धोनी की तारिफ करते हुए उन्हें क्रिकेट इतिहास का एक महान कप्तान करार दिया है। उम के इस दौर में भी धोनी की बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने आईपीएल में अबतक 232 छक्के लगाये हैं। राशिद लतीफ से जब नौमान नियाज ने धोनी पर अपने विचार बताते हो कहा तो लतीफ ने कहा, उन्होंने अकेले आईपीएल में 5000 रन बनाए हैं। धोनी का हमेशा एक गोल्डन टेंपलेट रहा है। उनका इतिहास सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। भारत के लिए, विश्व क्रिकेट के लिए। आप और हम जो चाहें कह सकते हैं लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वह अब तक के सबसे महान भारतीय कप्तान हैं, और एक विकेटकीपर बल्लेबाज भी हैं। इसमें कोई शक नहीं है।

एमसीसी ने धोनी-युवराज, मिताली सहित पांच भारतीय क्रिकेटरों को आजीवन सदस्यता प्रदान की

दुबई (एजेंसी)। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने पांच भारतीय क्रिकेटरों को आजीवन सदस्यता प्रदान कर सम्मानित किया है। जिन क्रिकेटरों को ये सम्मान दिया गया है। वे हैं पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह , बल्लेबाज सुरेश रैना, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज और तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी। एमसीसी ने इसके अलावा आठ टेस्ट खेलने वाले देशों के 19 नए मानद आजीवन सदस्यों के नाम भी घोषित किये।

एमसीसी ने कहा, पांच भारतीय खिलाड़ियों को मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया है। इसमें शामिल झूलन ने पिछले साल लॉर्ड्स में इंग्लैंड के साथ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के बाद संन्यास ले लिया था। झूलन महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी हैं जबकि मिताली राज ने 211 पारियों में 7,805 रन बनाकर महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। इसमें कहा गया, धोनी और युवराज दोनों की ही 2007 आईसीसी पुरुष विश्व टी20 और 2011 एकदिवसीय विश्वकप आईसीसी पुरुष जीत में अहम भूमिका थी। वहीं रैना ने 13 साल के करियर में एकदिवसीय में 5,500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

जिन अन्य क्रिकेटरों को सदस्यता मिली है, उनमें न्यूजीलैंड की एमी सैटरवेट और रॉस टेलर के अलावा वेस्टइंडीज की मेरिसा एगुलेरिया हैं। इंग्लैंड की जेनी गुन, लॉरा मार्श, आन्या श्रबसोल और ऑयन मोर्गन तथा केविन पीटरसन, पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज, बांग्लादेश के मशरफी मुर्तजा, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन, ऑस्ट्रेलिया की राचेल हेन्स भी शामिल हैं।

ईपीएल : रैशफोर्ड के गोल से जीता मैनचेस्टर यूनाइटेड, न्यूकासल ने वेस्ट हैम को हराया

मैनचेस्टर।मार्कस रैशफोर्ड ने विश्वकप के बाद से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फिर से गोल दागा जिससे मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रैंटफोर्ड को 1–0 से हराकर खुद को चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ में शामिल कर दिया। इंग्लैंड के फॉरवर्ड रैशफोर्ड ने 28वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायिक साबित हुआ।इस जीत से मैनचेस्टर यूनाइटेड के 28 मैचों में 53 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर काबिज न्यूकासल की बराबरी पर पहुंच गया है। न्यूकासल ने एक अन्य मैच में वेस्ट हैम को 5–1 से करारी शिकस्त दी।वह अभी मैनचेस्टर यूनाइटेड से गोल अंतर में आगे है।ईपीएल में खिताब के लिए आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है।इन दोनों के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने के लिए न्यूकासल और मैनचेस्टर यूनाइटेड को मजबूत दावेदार माना जा रहा है।



सेना में जाना चाहते थे इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे ध्रुव

नई दिल्ली ।राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 गेंद पर 200 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 32 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास किय।इस मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे ध्रुव ने अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। 22 साल के उप्र के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव भारतीय अंडर–19 टीम में शामिल रहे हैं। ध्रुव 2020 में अंडर–19 भारतीय टीम के उप–कप्तान थे और यह टीम टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। इस बल्लेबाज ने अब तक 4 टी20 में 60 रन बनाए हैं और नाबाद 62 रन उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस यूवा बल्लेबाज का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है।ध्रुव ने कहा, जब मैं 12 साल का था, तो मैंने बल्ले और किट के लिए घरवालों के सामने शर्त रख दी थी।उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें सामान नहीं मिला तो वे घर छोड़ देंगे पर अब उन्हें इस बात को सोचकर दुख होता है।इस खिलाड़ी ने कहा कि यह मेरी गलती थी, क्योंकि मैंने अपने पापा को ब्लैकमेल किया था।मां इस बात से काफी भावुक हो गई थीं और उन्होंने अपनी सोने की चेन बेचकर मेरे लिए किट खरीदी थी। उस बात को याद कर मुझे अब भी दुख होता है।ध्रुव के पिता नेम सिंह जुरेल आर्मी में हैं और उन्होंने कारगिल युद्ध में जीत का झंडा फहराया था।ध्रुव भी पिता की तरह सेना में ही जाना चाहते थे।आर्मी स्कूल में पढ़ने के दौरान ध्रुव ने तैराकी भी सीखी।

न्यूजीलैंड को बड़ा झटका, वनडे विश्वकप से बाहर हो सकते हैं विलियमसन, करानी होगी सर्जरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप से केन विलियमसन बाहर हो सकते हैं। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के शुरुआती मैच में घुटने में चोट लगी थी। विलियमसन को अपने घायल दाहिने घुटने की सर्जरी की आवश्यकता होगी, मंगलवार को स्कैन के बाद पुष्टि हुई। आपको बता दें कि केन विलियमसन इस साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेल रहे थे। पहले ही मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ फील्डिंग करते समय चोटिल हो गए थे। सबर यह है कि उनके दाहिने हाथ का अगले तीन सप्ताह के अंदर ऑपरेशन किया जाएगा।

माना जा रहा है कि केन विलियमसन को ठीक होने में काफी समय लगेगा, जो प्रभावी रूप से उन्हें मेगा इवेंट से बाहर कर सकता है। न्यूजीलैंड क्रिकेट एसोसिएशन ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि मानक रिहैबिलिटेशन समयसीमा का मतलब है कि विलियमसन के फिट होने और इस साल भारत में होने वाले आईसीसी वनडे क्रिकेट विश्व कप में चयन के लिए उपलब्ध होने की संभावना कम है। यह खबर न्यूजीलैंड के लिए बड़ा झटका हो सकता है। केन विलियमसन विश्व के बेहतर बल्लेबाजों की सूची में आते हैं। वह न्यूजीलैंड के कप्तान भी है।

विलियमसन ने यह खबर मिलने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुझे बहुत सहयोग मिला और इसके लिए मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट और गुजरात टाइटंस का आभार व्यक्त करता हूं। यह स्वाभाविक है कि इस तरह की चोट लगने से मैं निराश हूं लेकिन मेरा ध्यान अभी सर्जरी और उसके बाद फिटनेस हासिल करने पर है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ समय लगेगा लेकिन मैं जल्द से जल्द मैदान पर उतरने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। आपको बता दें कि इस तरह की चोट से उबरने और पूर्ण फिटनेस हासिल करने में काफी समय लग जाता है और इसे देखते हुए विलियमसन का अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप तक पूरी तरह फिट होना असंभव लगता है।

फीफा रैंकिंग में छह साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना

ज्यूरिख ।विश्व कप विजेता अर्जेंटीना छह साल में पहली बार गुरुवार को फीफा विश्व रैंकिंग में चोटी पर पहुंचने में कामयाब रहा।अर्जेंटीना ने पिछले महीने दो मैत्री मैचों में जीत दर्ज की थी जिससे वह ब्राजील को हटाकर चोटी पर पहुंचने में सफल रहा।ब्राजील को मोरक्को से 1–2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया।विश्व कप के फाइनल में अर्जेंटीना से हारने वाला फ्रांस एक पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।उसने यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफायर्स के लगातार मैचों में नीदरलैंड और आयरलैंड को हराया था।बेल्जियम पहले की तरह चौथे जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर है। इसके बाद नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन का नंबर आता है।

चहल आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने

गुवाहाटी (एजेंसी)। (ईएमएस)।राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही चहल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं। चहल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में 4 ओवर में 50 रन देकर एक विकेट लिया। वहीं इससे पहले दूसेर नंबर पर श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा थे चहल ने मैच में एक विकेट लेते ही मलिंगा को पीछे छोड़ दिया। मलिंगा के नाम 122 मैचों में 170 विकेट हैं। वहीं अब चहल के 133 मैचों में अब 171 विकेट हो गये हैं और वह दूसरे नंबर पर आ गये हैं। वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो161 मैचों में 183 के साथ ही पहले नंबर पर हैं। वहीं भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो चहल आईपीएल में सबसे विकेट लेने के मामले पहले स्थान पर हैं।

आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष 5 गेंदबाज

1 ड्वेन ब्रावो- 161 मैचों - 183 विकेट
2 युजवेंद्र चहल- 133 मैचों - 171 विकेट
3 लसिथ मलिंगा- 122 मैचों -170 विकेट
4 अमित मिश्रा- 154 मैचों - 166 विकेट
5 रविचंद्रन अश्विन- 186 मैचों - 158 विकेट

डीडीसीए निदेशक श्याम शर्मा बोले, ऋषभ अब पहले से बेहतर

नई दिल्ली ।दिल्ली क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम शर्मा ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के नियमित कप्तान ऋषभ पंत अब पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं।वह कार हादसे के बाद हुई सर्जरी से तेजी से उबर रहे हैं।गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में भी वह उत्साहित नजर आये।ऋषभ कार हादसे के बाद पहली बार इस आईपीएल मैच में प्रशंसकों के सामने आये।इस दौरान उन्हें देखने के लिए प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह था।प्रशंसकों के हुजूम में अनेक ने हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और डेविड वार्नर के जर्सी नंबर वाली शट्‌र्स पहन रखी थी जबकि कुछ क्रिकेट प्रशंसक ऐसे भी थे जो 17 नंबर की जर्सी पहने हुए थे और मेट्रो सफर के दौरान चर्चा कर रहे थे कि उन्हें ऋषभ को देखने का मौका मिल गया। डीडीसीए निदेशक ने कहा, उन्हें काफी अच्छा लगा।वह गेट नंबर सात से पैदल चलते हुए अंदर घुसे और सीढ़ियां भी चढ़े।वह महसूस कर रहे थे कि यह अच्छी एक्सरसाइज होगी और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया है। उन्होंने साथ ही कहा, उनके दृष्टिकोण से यह काफी अच्छा रहा।वह काफी दिन से घर पर थे।वह ड्रेसिंग रूम भी गए और खिलाड़ियों तथा टीमों से मिले।वह टीम मालिकों के साथ भी बैठे और उन्होंने जय शाह (बीसीसीआई सचिव) और राजीव शुक्ला (बीसीसीआई उपाध्यक्ष) से भी लम्बी बातचीत की। सफेद कमीज, काली हाफपैंट और चश्मा लगाए हुए वह सफेद गाडी में स्टेडियम पहुंचे।उनके दाएं घुटने पर कम्प्रेशन ब्रेस लगा हुआ था।कोहनी के आसपास चोट के निशान अब भी मौजूद थे।शर्मा ने कहा, मैंने उनकी रिकवरी के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा, चिंता मत करो भैया, मैं जल्दी मैदान में वापस आऊंगा।उनकी आत्मशक्ति और ईश्वर की कृपा से उनकी रिकवरी अच्छी चल रही है।दिल्ली की पारी के तीसरे ओवर में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स लॉन्ज एरिया में टीम के सह मालिक पार्थ जिंदल के साथ बैठे देखा गया।

आईपीएल 2023 में जबरदस्त चल रहा है शिखर धवन का बल्ला, क्या टीम इंडिया में होगी वापसी?

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2023 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। बुधवार को आईपीएल का आठवां मुकाबला खेला गया था। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम आमने-सामने थी। पंजाब किंग्स का नेतृत्व 37 साल के शिखर धवन कर रहे हैं। शिखर धवन ने कल के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 56 गेंदों में 86 रनों की नाबाद पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी काफी सदी हुई लग रही थी। उनके फुटवर्क भी काम करते दिखाई दे रहे थे। इसके बाद अब इस बात की चर्चा शुरू हो गई है यह क्या शिखर धवन की एक बार फिर से टीम इंडिया में वापसी होगी? इसकी चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि इस बार वनडे विश्व कप भारत में ही होना है। मध्यक्रम में मजबूत बल्लेबाज की कमी की वजह से जूझ रही टीम इंडिया को शिखर धवन कहीं ना कहीं बैलेंस कर सकते हैं।

सोशल मीडिया पर चर्चा की जा रही है कि रोहित शर्मा और शिखर धवन टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करें जबकि शुभ्मन गिल को नंबर चार पर श्रेयस अय्यर की जगह खिलाया जाए। हालांकि, शिखर धवन की टीम इंडिया में वापसी तब ही हो पाएगी जब पूरे आईपीएल में उनका बल्ला लगातार चलता रहे। राजस्थान के खिलाफ शिखर धवन शुरुआत में कुछ संभलकर खेले। लेकिन जब उनके ओपनिंग साझेदार प्रभसिमरन सिंह पवेलियन लौटे तो उसके बाद उन्होंने अपने गियर बदल दिया। वर्तमान में बात करें तो शिखर धवन ने 2023 में कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। उनके फॉर्म पर भी सवाल उठे थे। शिखर धवन ने कई मौकों पर टीम इंडिया के लिए एकदिवसीय में कप्तानी भी की है। इसलिए शिखर धवन की वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है।

आईसीसी टूर्नामेंटों की बात करें तो शिखर धवन का बल्ला यहां शानदार चलता है। 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी में शिखर धवन ने क्या जबरदस्त बल्लेबाजी की थी, यह सभी को याद ही होगा। उन्होंने इस दौरान 90 से ज्यादा की औसत से 363 रन बनाए थे। 2015 के वर्ल्ड कप में भी उनका औसत 50 से ज्यादा का था। 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में भी शिखर धवन ने शानदार बल्लेबाजी की थी। शिखर धवन की बात करें तो अब तक उन्होंने 68 ज्ञ20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। वहीं, 167 एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं। 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन बनाए हैं जबकि आईपीएल में अब तक उन्होंने 208 मुकाबले खेले हैं और 6370 रन बनाए हैं।

कुमार सानू की बेटी शैनन चल जिंदगी से कर रहीं बॉलीवुड में डेब्यू

दिग्गज प्लेबैक सिंगर कुमार सानू की बेटी शैनन अपकमिंग फिल्म चल जिंदगी के साथ हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में उनका फर्स्ट लुक पोस्टर सोमवार को जारी किया गया। फिल्म में विवेक दहिया, संजय मिश्रा, मीता वशिष्ठ, विवान शर्मा और विक्रम सिंह भी लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी चार मुख्य किरदारों म्यूजिक स्टूडेंट सना, कॉलेज स्टूडेंट साहिल, रिटायर सरकारी कर्मचारी सदानंद और 10 वर्षीय लोक कलाकार विवान के इर्द-गिर्द घूमती है। एक दिन वे सभी अलग-अलग शहरों से हार्ले डेविडसन बाइक पर लेह-लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची मोटरेबल रोड पर अपनी यात्रा शुरू करते हैं। शैनन ने फिल्म के लिए अपने पिता के साथ एक गाना भी गाया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए शैनन ने कहा, अमेरिका में अपने सिंगिंग करियर में बिजी होने के दौरान मैं हमेशा बॉलीवुड फिल्म में काम करने का सपना देखती थी। मुझे खुशी है कि चल जिंदगी के साथ मेरा सपना सच हो रहा है। यह बोनस है कि मुझे पापा के साथ गाना गाने का मौका मिला।

तुषार खन्ना ने अपनी पहली फिल्म स्टारफिश के लिए स्कूबा डाइविंग सीखी

टी-सीरीज की आगामी फिल्म स्टारफिश के साथ अपना फीचर फिल्म डेब्यू करते हुए, तुषार खन्ना बीना नायक के बेस्ट सेलर उपन्यास स्टारफिश पिकल के रूपांतरण में प्रमुख भूमिका निभाते नज़र आयेंगे। जैसा कि नाम से पता चलता है, फिल्म समुद्र की गहराई में उतरती है, जिसके लिए तुषार खन्ना को कैरेक्टर के लिए स्कूबा डाइविंग सीखने की आवश्यकता थी। पहले कभी स्कूबा डाइविंग का प्रयास नहीं करने वाले, तुषार खन्ना ने स्कूबा डाइविंग का अभ्यास करने के लिए चार दिनों की ट्रेनिंग के बाद लाइसेंस प्राप्त किया और स्कूबा डाइविंग सीखने के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया।चूंकि स्कूबा डाइविंग किरदार का एक अभिन्न हिस्सा है, अभिनेता माल्टा में 11 डिग्री के ठंडे तापमान में शूटिंग कर रहे हैं। एक पेशेवर डाइविंग सूट पहनने से लेकर पहनने के लिए साबुन के पानी में शरीर को ढंकने की आवश्यकता होती है, शरीर के तापमान को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से अपने ऊपर गर्म पानी डालना, तुषार खन्ना शूट के लिए आवश्यक सभी उपाय कर रहे हैं। एक जहाज पर शूटिंग करने में समुद्री बीमारी की अतिरिक्त चुनौती भी होती है, अधिकांश चालक दल के सदस्यों के उल्टी होने के बीच, तुषार आमतौर पर किसी भी बाधा से बचने के लिए रात में शूटिंग पूरी करने तक भूखे रहते हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, तुषार ने कहा, यह एक उत्साहजनक अनुभव रहा है। मैंने अपने जीवन में कभी स्कूबा डाइविंग का प्रयास नहीं किया, एक अभिनेता के रूप में, कैरेक्टर के लिए नए स्किल को सीखने के लिए खुद को चुनौती देना बेहद रोमांचक है। मैं अपनी यात्रा के दौरान इस तरह के रोमांच की प्रतीक्षा करता हूं। टेलीविजन से सिल्वर स्क्रीन पर कदम रखते हुए, अमृतसर के आउटसाइडर ऐक्टर तुषार खन्ना अखिलेश जायसवाल द्वारा निर्देशित रोमांस ड्रामा स्टारफिश के लिए तैयार हैं। टी-सीरीज़ और ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में मिलिंद सोमन, खुशाली कुमार और एहान भट्ट भी हैं।

अयान मुखर्जी ने अनाउंस की ब्रह्मास्त्र की रिलीज डेट

हाल ही में डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 'ब्रह्मास्त्र' का सीक्वल 'ब्रह्मास्त्र-2' और 'ब्रह्मास्त्र-3' की रिलीज डेट बताई है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अयान ने बताया कि उनकी अगली फिल्म 'ब्रह्मास्त्र 2 - देव' और 'ब्रह्मास्त्र 3' दोनों की शूटिंग एक साथ शुरू होगी। 'ब्रह्मास्त्र 2 - देव' दिसंबर 2026 और 'ब्रह्मास्त्र 3' दिसंबर 2027 में रिलीज होगी। अयान ने पोस्ट में लिखा- वक्त आ गया है कि मैं आपको 'ब्रह्मास्त्र ट्राइलॉजी', 'अस्त्रवर्स' और मेरी जिंदगी पर कुछ अपडेट दूं। 'ब्रह्मास्त्र-1' को मिले प्यार और फीडबैक की मदद से मैंने 'ब्रह्मास्त्र' के दोनों पार्ट के लिए अपना विजन सेट किया। मैं जानता हूं कि ये दोनों फिल्में 'ब्रह्मास्त्र' से कहीं ज्यादा बड़ी होंगी। मैंने ये सीख लिया है कि हां, हमें स्क्रिप्ट को परफेक्ट बनाने के लिए थोड़ा और समय देना होगा। मैंने ये तय किया है कि हम ये दोनों फिल्में एक साथ बनाएंगे और इनकी रिलीज डेट भी आस-पास होंगी। मैं आपसे दोनों फिल्मों की टाइमलाइन भी शेयर कर रहा हूं।

यश राज यूनिवर्स की 'वॉर 2' का डायरेक्शन करेंगे अयान

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अयान ने अपनी पोस्ट में जिस नए प्रोजेक्ट का डायरेक्शन करने की बात कही थी वो फिल्म यश राज के स्पाई यूनिवर्स की 'वॉर 2' है। इस फिल्म में लीड रोल में ऋतिक रोशन नजर आएंगे। 2012 में प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा की फिल्म 'एक था टाइगर' के साथ स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत हुई थी। इसके बाद इस फ्रैंचाइजी में 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर' और 'पठान' का नाम जुड़ गया।

'ब्रह्मास्त्र' के अलावा एक और फिल्म की शूटिंग करेंगे अयान

'ब्रह्मास्त्र' सीरीज के बारे में अपडेट देने के अलावा अयान ने ये भी बताया कि वो जल्द ही एक और फिल्म की शूटिंग करेंगे। उन्होंने लिखा- सिर्फ इतना ही नहीं, मुझे यूनिवर्स से एक और शानदार प्रोजेक्ट मिला है। मैं जल्द ही एक बहुत ही स्पेशल फिल्म को डायरेक्ट करूंगा। ये फिल्म किस बारे में, ये सही समय आने पर ही बताऊंगा। ये एक ऐसी फिल्म है जो मुझे जितना एक्साइटमेंट देती है उतना ही डराती भी है। इस फिल्म के साथ मैं और सीखूंगा और आगे बढ़ूंगा।

मैं इंडियन सिनेमा को अपना कॉन्ट्रिब्यूशन देना चाहता हूं

अयान ने आगे लिखा- इस वजह से मैंने ये फिल्म चुनी है। मैंने इस बार खुद को यूनिवर्स से मिल रही हर पॉजिटिव एनर्जी को अपनाने का मौका दिया है ताकि मैं इस फिल्म को अपना बेस्ट दे सकूं। साथ ही इंडियन सिनेमा, जो मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है उसमें अपना कॉन्ट्रिब्यूशन दे सकूं।

नरगिस फाखरी एक प्रतिष्ठित अवार्ड शो के लिए बनी को होस्ट

एक्टिंग, डांसिंग और स्पॉट-ऑन फैशन विकल्पों में, नरगिस फाखरी ने एक प्रतिष्ठित अवार्ड शो में को होस्ट के रूप में अपनी उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। कॉस्मो इंडिया ब्लॉगर अवार्ड्स हाल ही में दिल्ली में आयोजित किए गए थे और नरगिस ने ग़ुरफतेह पीरजादा के साथ साल की सबसे यादगार रात की होस्टिंग की। अपने आउटफिट के बारे में बोलते हुए उन्होंने निश्चित रूप से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह बॉडीफिट लेदर स्कर्ट के साथ ऑलिव ट्यूबटॉप पहने दिखीं। उनकी प्रोफेशन के बारे में बात करे तो नरगिस को आखिरी बार अनुपम खेर और नीना गुप्ता के साथ शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों द्वारा समान रूप से पसंद और सराहा गया था। अभिनेत्री ने लक्मे फैशन वॉक में अपने वॉक के लिए सुर्खियां बटोरीं और अलौकिक दिखीं।

किच्चा सुदीप को मिल रही प्राइवेट वीडियो लीक करने की धमकियां

कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने उनके निजी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी भरे पत्र मिलने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बेंगलुरु की पुत्तनहल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 506 और 504 के तहत मामला दर्ज कर दोषियों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले को उच्च जांच अधिकारियों को सौंपने पर भी विचार कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पत्र अभिनेता के मैनेजर जैक मंजू को मिले हैं। पत्र सुदीप के खिलाफ अभद्र भाषा और उनके निजी वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी से भरे हुए थे। सुदीप के करीबी सूत्रों ने इसे अभिनेता की छवि खराब करने और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की साजिश करार दिया। कर्नाटक में चुनाव से पहले किच्चा सुदीप बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करने की उम्मीद है। भाजपा भी स्टार प्रचारक के रूप में उनकी मदद ले सकती है। सुदीप की कर्नाटक में बड़ी संख्या में फैन फॉलोइंग है।

अदिति का जुबली किरदार पुरुषों की दुनिया में समान शक्ति रखता है

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी, जो जल्द ही आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज जुबली में दिखाई देंगी, सीरीज के अपने किरदार से प्यार करती हैं और इसके पीछे का कारण वह शक्ति है, जिसकी बदौलत वह उस दुनिया को नियंत्रित करती हैं, जिस पर पुरुषों का आधिपत्य है। ओटीटी सीरीज में अभिनेत्री सुमित्रा कुमारी की भूमिका निभाती हैं, जो एक फिल्म स्टार की पत्नी है, जिसमें उत्कृष्ट व्यावसायिक कौशल है, प्यार की तलाश में एक ऐसी चीज है, जिसकी वह वास्तव में इच्छा करती है। इस दमदार भूमिका पर अपने विचार साझा करते हुए अदिति ने कहा, सुमित्रा अपने सार्वजनिक व्यक्तित्व के कारण मुझे आकर्षित करती है। हो सकता है कि उसने सही रास्ता नहीं अपनाया हो, लेकिन वह अंत तक लड़ती रही। उस कलाकार का जीवन जीने का रचनात्मक तरीका है यूटोपियन विद्रोह। सीरीज में अदिति राव हैदरी के साथ अपारशक्ति खुराना, प्रोसेनजीत चटर्जी, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता और नंदीश संधू सहित कलाकार हैं। अदिति ने आगे कहा, एक अभिनेत्री होने के नाते भारतीय सिनेमा के इस सुनहरे युग में इस लड़की के पास इतनी शक्ति है, इतनी एजेंसी है और पुरुषों की दुनिया में इतना जुनून है। विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित, सौमिक सेन द्वारा मोटवाने के साथ बनाई गई जुबली का निर्माण रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम स्टूडियो के सहयोग से एंडोलन फिल्म्स द्वारा किया गया है। 10 एपिसोड की यह सीरीज 7 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

रिचर्ड गेरे किस मामले में 16 साल बाद बरी हुई शिल्पा

हाल ही में कन्नड फिल्म केडी-द डेविल में शामिल हुई शिल्पा शेट्टी को उन पर 16 साल से चल रहे अदालती मामले में राहत मिल गई है। इस मामले में शिल्पा शेट्टी को बरी करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका को सत्र अदालत ने सोमवार को खारिज कर दिया। शिल्पा को 2007 में एक पब्लिक इवेंट के दौरान हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे ने किस किया था। जिसके बाद शिल्पा शेट्टी के खिलाफ पब्लिक प्लेस पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगा था। अब सालों बाद इस मामले में कोर्ट ने शिल्पा को अपराध से मुक्त कर दिया है। मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले रिवीजन याचिका को एक्स्ट्रा सेशन जज एस.सी. जाधव ने खारिज किया है। हालांकि, पूरी जानकारी अभी नहीं मिली है। ये घटना 2007 में हुई थी जब रिचर्ड गेरे राजस्थान में आयोजित एक एड्स जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए थे, इस दौरान उन्होंने स्टेज पर ही शिल्पा को सबके सामने किस किया था, जिसके बाद देश के कई हिस्सों से इस घटना के खिलाफ आवाज उठने लगी और लोगों ने इसे अश्लील और देश की संस्कृति का अपमान बताया था। इसी के बाद रिचर्ड गेरे और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ 2 केस राजस्थान में और एक केस गाजियाबाद में दर्ज किया गया था। राजस्थान में इंडियन पैनल कोड और इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी एक्ट के तहत कई धाराओं में केस दर्ज हुआ था। इसके बाद शिल्पा ने मामलों को मुंबई ट्रांसफर करने के लिए याचिका दायर की थी। साल 2017 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस केस को मुंबई ट्रांसफर कर दिया गया था। मजिस्ट्रेट के कोर्ट ने जनवरी 2022 में शिल्पा शेट्टी को यह देखते हुए आरोप से बरी कर दिया था कि वह रिचर्ज गेरे की इस हरकत में विक्टिम दिखती हैं। जब यह घटना हुई थी, कथित तौर पर दोनों अभिनेताओं के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए थे और सडक़ों पर उनके पुतले भी जलाए गए थे।

वॉर 2 में होंगे रितिक रोशन



रितिक रोशन के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म वॉर को माना जाता है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित इस मूवी में रितिक रोशन, टाइगर श्रॉफ लीड रोल में थे। वाणी कपूर ने हीरोइन का छोटा-सा किरदार निभाया था। खबर है कि यश राज फिल्म्स अब वॉर 2 बनाने जा रही है। ये वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 7वीं फिल्म होगी। इसमें टाइगर 3 के बाद की घटनाओं को दिखाया जाएगा। सलमान खान अभिनीत टाइगर 3 दिवाली पर रिलीज होगी। वॉर को सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया था, लेकिन वॉर 2 को अयान मुखर्जी निर्देशित करेंगे। अयान की पिछले वर्ष ब्रह्मास्त्र रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। गौरतलब है कि अयान मुखर्जी ने अब तक रणबीर कपूर को लेकर ही फिल्में बनाई हैं। वे रणबीर को लेकर वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र बना चुके हैं। पहली बार वे किसी और हीरो को निर्देशित करेंगे।

सिमरन कौर ने शेयर किया पटाया में शर्मिंदा की शूटिंग का अनुभव

अगर तुम ना होते की अभिनेत्री सिमरन कौर ने अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो शर्मिंदा के लिए थाईलैंड के पटाया में शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने कहा, शर्मिंदा दिल टूटने के बारे में संगीत वीडियो है। लड़का लड़की को धोखा देता है और बाद में लड़की उससे भिड़ जाती है। यह बहुत ही दिल को छू लेने वाला गाना है। हम इस गाने की शूटिंग के लिए थाईलैंड गए और पटाया के खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया। अभिनेत्री ने अपने संगीत वीडियो के लिए जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उसके बारे में कहा कि यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा कि लोगों को गीत के बोल और संगीत पसंद आ रहे हैं। मुझे इस संगीत वीडियो के लिए इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। मुझे मेरे अभिनय के लिए बहुत सराहना मिल रही है और प्रशंसक वास्तव में गीत में मेरे भावों को पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर, मुझे अपने सभी प्रशंसकों से बहुत सारे संदेश मिल रहे हैं कि वह गाना देखने के बाद वास्तव में भावुक हो गए हैं, इसलिए मुझे लगता है कि अगर लोग आपके प्रदर्शन से जुड़ रहे हैं और गाना सही रागों को छू रहा है, तो यह सबसे अच्छी तारीफ है। अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए, उन्होंने साझा किया- मैंने दो और संगीत वीडियो के लिए शूट किया है।